

नए कार्यों का संकल्प 4

Website:- www.Janmarg.com

निष्पक्ष एवं निर्भीक दैनिक

TITLE CODE:- T/RJ/2024/211

e-mail :morningjanmarg@gmail.com

# जनमार्ग

लोकतंत्र व निष्पक्षता का मार्ग प्रातःकालीन समाचार पत्र

श्रीगंगानगर, शनिवार, 04.01.2025 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 2 रुपये ● वर्ष : 1 ● अंक : 255 ● मो. 93526-86083, 77421-86692, 0154-2970692

## सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूलों पर मंडराया खतरा

● हिंदी मीडियम में बदलने की संभावनाओं पर विचार के लिए समिति का गठन

**जनमार्ग न्यूज**

**जयपुर।** राजस्थान में महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अशोक गहलोत सरकार द्वारा शुरू किए गए इन स्कूलों की समीक्षा के बाद हिंदी मीडियम में बदलने की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। वर्तमान में चल रहे लगभग 2,070 सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की स्थिति, छात्रों की संख्या और शिक्षकों की उपलब्धता को लेकर राज्य सरकार ने डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया है। राज्य सरकार ने डॉ. प्रेमचंद बैरवा को इस समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके साथ मंत्री गजेंद्र सिंह, मंत्री मदन दिलावर, और मंत्री सुमित गोदारा को सदस्य बनाया गया है। स्कूल शिक्षा सचिव समिति के सचिव के रूप में कार्य करेंगे। जानकारी के मुताबिक भजनलाल सरकार ने समिति को स्कूलों की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन करना, छात्रों और शिक्षकों की संख्या की समीक्षा करना, नई शिक्षा नीति के अनुरूप स्कूलों की आवश्यकता का मूल्यांकन और स्कूलों के इंग्लिश मीडियम से हिंदी मीडियम में बदलने की संभावनाओं पर निर्णय करने की जिम्मेदारी सौंपी है। अशोक गहलोत सरकार ने प्रदेश के गरीब परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के उद्देश्य से महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल शुरू किए थे। इन स्कूलों को इंग्लिश मीडियम में बदलने के लिए उस समय बड़ी मशक्कत की गई थी। गरीब और ग्रामीण परिवारों के हजारों बच्चों ने इनमें दाखिला भी लिया था। अब सरकार बदलने के बाद इन स्कूलों की उपयोगिता और नई शिक्षा नीति के अनुरूप इनके संचालन पर सवाल उठ रहे हैं। बताते चलें कि कुछ माह पहले शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा था कि महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की समीक्षा की जा रही है। यह देखा जा रहा है कि क्या इन स्कूलों की जरूरत है और क्या यह नई शिक्षा नीति के अनुरूप हैं। समीक्षा के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों के भविष्य को लेकर उठ रहे सवालों ने प्रदेश में अब एक नई बहस छेड़ दी है।




## अमृतसर में 12 इंटरनेशनल तस्कर गिरफ्तार



**जनमार्ग न्यूज**

**अमृतसर।** अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार से नशा और हथियार तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस अभियान के तहत 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें मुख्य सहयोगी मनजीत सिंह उर्फ भोला भी शामिल है, जो पाकिस्तान स्थित तस्करों के संपर्क में था। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने कहा कि इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों और पूरी तस्करी चेन का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। छेहरटा थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनजीत सिंह उर्फ भोला, जोबनप्रीत सिंह उर्फ जोबन, हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी, बबली, अमृतपाल सिंह अंशु, अनिकेत वर्मा, हर्षप्रीत सिंह उर्फ हरमन, गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी, लवप्रीत सिंह उर्फ जशन, मनदीप सिंह उर्फ कौशल, रेशमा और आकाश दीप सिंह उर्फ अर्श के रूप में हुई है।

## इजराइल की सीरिया में सर्जिकल स्ट्राइक

**जनमार्ग न्यूज**

**तेल अवीव।** इजराइली वायुसेना ने सीरिया में 4 महीने पहले की सर्जिकल स्ट्राइक का वीडियो गुरुवार देर रात जारी किया। इजराइली वायुसेना के 120 एलीट कमांडो की एक स्पेशल यूनिट ने 8 सितंबर 2024 को सीरिया में 200 किमी घुसकर यह कार्रवाई की और ईरान की मिसाइल फैक्ट्री को तबाह कर दिया। इजराइली सेना के मुताबिक, ईरान ने पश्चिमी सीरिया के मस्फया इलाके में पहाड़ को खोदकर अंडरग्राउंड (जमीन के अंदर) मिसाइल फैक्ट्री बनाई थी। यहां से किलर मिसाइलें बनाकर उसे लेबनान में हिजबुल्लाह और असद की सेना को दिया जाता था।

## मेरा सपना देशवासियों को पक्का घर मिले : मोदी

● दिल्ली के रामलीला मैदान में गरजे पीएम मोदी

**जनमार्ग न्यूज**



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के अशोक विहार के रामलीला मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष किया। पीएम मोदी ने दिल्लीवासियों को 4,500 करोड़ की विभिन्न योजनाओं की सौगात दी। पीएम ने दिल्ली के अशोक विहार स्थित स्वाभिमान अपार्टमेंट में नवनिर्मित फ्लैटों की चाबियां लाभार्थियों को सौंपी और कहा कि देशवासियों को छत मिले ये उनका सपना है। प्रधानमंत्री ने कथित तौर पर सीएम के रूप में केजरीवाल की ओर से अपने लिए एक आलीशान आवास बनाने के लिए उन पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष किया और कहा, 'मैं भी शीशमहल बना सकता था।' बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव फरवरी 2025 में होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरविंद केजरीवाल पर सवाल उठाते हुए कहा, 'देश यह अच्छी तरह से जानता है कि मोदी ने कभी अपने लिए घर नहीं बनाया, लेकिन गरीबों के लिए 4 करोड़ से अधिक घर बनाए हैं। मैं भी कोई शीशमहल बना सकता था।

## बीकानेर से दिल्ली हर रोज उड़ेगी फ्लाइट

● सात फरवरी से बन रहा है नया शिड्यूल

**बीकानेर (जनमार्ग न्यूज)।** बीकानेर से नई दिल्ली के लिए सात फरवरी से रेगुलर फ्लाइट शुरू हो जाएगी। इसके लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राम मोहन नायडू ने बीकानेर के सांसद और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को आश्वासन दिया है। ये फ्लाइट इंडिगो की ओर से चलाई जा रही है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के प्रयास से अब दिल्ली -बीकानेर इंडिगो फ्लाइट 7 फरवरी से नियमित चलेगी। मेघवाल के माध्यम से भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री पंकज अग्रवाल ने एक मांगपत्र शास्त्री भवन दिल्ली में नागरिक उडुयन मंत्री किंजरापू राम मोहन नायडू को सौंपा था। जिस पर संज्ञान लेते हुए अब 7 फरवरी से हर रोज फ्लाइट उ?गी। पंकज अग्रवाल ने बताया कि बीकानेर के आमजन और व्यापारियों की मांग पर 30 नवंबर को केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के साथ नागरिक उड्डयन मंत्री से मिलकर बीकानेर से दिल्ली हवाई यात्रा को नियमित करने और सुबह जल्दी चलाने का आग्रह किया।

## तीन पुली के नजदीक रूकवाया बाल विवाह

● फोटोग्राफर व हलवाई को पढ़ाया कानून का पाठ

● बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**जनमार्ग न्यूज**



**श्रीगंगानगर।** चाइल्ड हेल्पलाइन को आज सुबह सूचना मिली की ग्राम पंचायत 4 जैड की रामदेव कॉलोनी में तीन पुली के समीप मजबी सिक्ख समाज के लोग एक नाबालिग बालिका का बाल विवाह कर रहे है। जिला कलेक्टर के आदेशों एवं बाल अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक राजीव जाखड़ के निर्देशों से अक्षय तृतीया,पीपल पूर्णिमा, देव उठनी ग्यारस तथा अन्य अवसरों पर समाज में प्रचलित बाल विवाह की कुरीति की रोकथाम हेतु नवंबर 2024 से फरवरी 2025 तक विशेष बाल विवाह निषेध अभियान के अंतर्गत आज बाल विवाह की सूचना पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जोगेंद्र कौशिक,सदस्य डॉ.रामप्रकाश शर्मा,बाल अधिकारिता विभाग चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक त्रिलोक वर्मा,काउंसलर दीपक चौधरी,राजस्व पटवारी रविन्द्र सिंह शेखावत, पुलिस थाना जवाहरनगर हवलदार जिंद्रपाल मय जाब्ता विवाह स्थल मौके पर पहुँचे। बाल विवाह रुकवाने वाली टीम जब मौके पर पहुँची तो बारात आ चुकी थी,रिबन कटाई की रस्म चल रही थी। मंगलगीत गाये जा रहे थे। मेहमान व रिश्तेदार लजीज व्यजंनों का लुत्त उठा रहे थे। कुछ लोग डी.जे. की धुन पर थिरक रहे थे। टीम द्वारा बालिका के विवाह योग्य आयु 18 वर्ष पूर्ण होने के सबूत माँगे तो उसके माता-पिता ने बालिका का आधार कार्ड पेश किया,जिसमें एक बालिका की जन्म द 28 अगस्त 2010 मिली थी। लिहाजा वह विवाह योग्य आयु की नहीं थी। उक्त टीम ने बालिका के विवाह योग्य आयु 18 वर्ष पूर्ण होने तक विवाह नहीं करने के लिये पाबंद किया और मौका फर्द बनाकर परिवार व रिश्तेदारों के हस्ताक्षर करवाएं गए। टीम द्वारा दूल्हे की आयु की जांच की गई तो उसकी आयु 24 वर्ष पाई गई।परिजन जगह या समय बदल कर बालिका का किसी अन्य स्थान पर विवाह नहीं कर देवे, इसलिए बाल कल्याण समिति एवं पुलिस ने मौके की निगरानी के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व बीट पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई है।कुछ घटना होने पर तुरंत इसकी सूचना बाल कल्याण समिति एवं चाइल्डलाइन के टोल फ्री नम्बर-1098 पर देने के लिए निर्देशित किया गया है।

## बैंक मैनेजर, कैशियर पर धोखाधड़ी का मुकदमा

**जनमार्ग न्यूज**

**जोधपुर।** जोधपुर-नागौर रोड पर स्थित बावड़ी कस्बे के निकटवर्ती सांवत कुआं की रहने वाली एक युवती की वर्ष 2023 में आकस्मिक मृत्यु हो गई। इस पर युवती की मां बेबी पत्नी चंपाराम को मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के तहत 27 दिसंबर को 5 लाख रुपए उसके खाते में जमा हुए। चंपादेवी का कहना है कि उसकी बिना सहमति, बिना अंगूठा निशान के बैंक मैनेजर, कैशियर और ई-मित्र संचालक ने साठगांठ कर ढाई लाख रुपए हड़प ई-मित्र वाले के खाते में डाल दिए। तब, पीड़िता ने उन तीनों को ही चेतावनी देते हुए रुपए लौटाने को कहा, लेकिन वे नहीं माने, तब उसने एफआईआर दर्ज करा दी। अब तीनों आरोपी हाथाजोड़ी कर केस वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। खेड़ापा थाना पुलिस ने बताया सांवत कुआं निवासी बेबी पत्नी चंपाराम की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज की गई है।

## उत्कर्ष कोचिंग संचालक ने किया करोड़ों का घोटाला

● टैक्स चोरी के लिए कैश में किया लेन-देन

**जनमार्ग न्यूज**

**जयपुर।** उत्कर्ष कोचिंग संचालक को फिजिक्स वाला के साथ की शेयर डील में करोड़ों का घोटाला करना भारी पड़ गया। टैक्स चोरी के लिए डील में करोड़ों रुपए का लेन-देन कैश में किया गया। आयकर विभाग ने टैक्स चोरी की शिकायत पर उत्कर्ष कोचिंग संचालक के ठिकानों पर छापेमारी की। दूसरे दिन भी जोधपुर, जयपुर, प्रयागराज और इंदौर के 17 ठिकानों पर सर्च चला। अन्वेषण शाखा की महानिदेशक रेणू अमिताभ और निदेशक अवधेश कुमार के निर्देशन और अतिरिक्त निदेशक डॉ. संग्राम रमेश जगदाले के नेतृत्व में विभाग की डेढ़ दर्जन टीमों में तीन राज्यों में 19 ठिकानों पर गुरूवार को छापे मारे। सूत्रों के मुताबिक, फिजिक्स वाला और उत्कर्ष की कुछ महीनों पहले पार्टनरशिप को लेकर बड़ी डील हुई थी। उसके बाद से मैनेजमेंट में फिजिक्स वाला की इन्वॉल्वमेंट शुरू हुई थी। आयकर विभाग को ऐसी शिकायतें मिली कि फिजिक्स वाला के साथ शेयर डील में उत्कर्ष कोचिंग संचालक ने बड़ा घपला किया है। 800 करोड़ से अधिक की इस डील में बड़े पैमाने पर अघोषित लेन-देन शामिल है। आयकर विभाग को इस डील की जानकारी मिली तो उसने डॉक्यूमेंट खंगाले। आयकर विभाग के हाथ लगे मेन डॉक्यूमेंट में करोड़ों रुपए का घोटाला होना साफ हो गया। डील में बड़े पैमाने पर कैश में लेन-देन करना सामने आया। संचालक की ओर से बड़े पैमाने पर ट्रैक्स चोरी की जा रही थी।




## पटवारी और सरपंच पति गिरफ्तार

**जनमार्ग न्यूज**

**जयपुर।** जयपुर एसीबी ने शुक्रवार को रिश्वत मामले में एक पटवारी और सरपंच पति को अरेस्ट किया है। नामांतरण खोलने के एवज में दोनों आरोपियों को 5 हजार रुपए की घूस लेते पकड़ा गया है। एसीबी मुख्यालय में दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डीजी (एसीबी) डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि रिश्वत के मामले में हरिनारायणपुरा के पटवारी कुलदीप सिंह और हरिपुरा कोटखावदा निवासी सरपंच पति रामस्वरूप को अरेस्ट किया गया है। पटवारी कुलदीप सिंह के पास नरपतपुरा उर्फ हरिपुरा कोटखावदा का अतिरिक्त चार्ज भी है। एसीबी की हेल्पलाइन नंबर पर परिवादी की ओर से शिकायत दी गई। उनकी कृषि भूमि के नामातंरण खोलने की एवज में पटवारी कुलदीप सिंह रिश्वत की मांग कर रहा है। रिश्वत की रकम की डिमांड सरपंच पति रामस्वरूप के जरिए 9 हजार रुपए मांगी गई है। रिश्वत की रकम नहीं देने पर लगातार उसे परेशान किया जा रहा है। एसीबी टीम ने शुक्रवार को ट्रैप की कार्रवाई की।

## जरख ने जबड़े में व्यक्ति का पैर दबोचा

**जनमार्ग न्यूज**

**जयपुर।** रेस्क्यू के दौरान एक जरख(हाइना) ने जानलेवा हमला कर दिया। एक व्यक्ति का पैर अपने जबड़े में दबा लिया और उसे लहूलुहान कर दिया। मौजूद लोगों ने व्यक्ति की जान बचाने के लिए जरख के पैरों को पकड़कर खींचा और घायल को छुड़वाया। हालांकि मुश्किल से काबू में आए जरख पर लोगों ने डंडे बरसाए, जिसके बाद वह पकड़ से छूट कर जंगल की ओर भाग गया। घटना के वीडियो भी सामने आए हैं। जिसमें छलांग लगाते हुए और लोगों पर अटैक करते हुए दिखाई दे रहा है। दरअसल, दौसा जिले के बांदीकुई से 28 किलोमीटर दूर नांगल लोटवाड़ा गांव में शुक्रवार की शाम करीब 4 बजे एक जरख (हाइना) कुएं में गिर गया।

## अरायण में फिर नजर आया जंगली बिलाव

● दस दिन से केसरीसिंहपुर एरिया में है बिलाव की एक्टिविटी ● कुत्तों को मार चुका

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** जिले के केसरीसिंहपुर एरिया के गांव 32 एफ अरायण में शुक्रवार को एक बार फिर जंगली बिलाव की एक्टिविटी नजर आई है। यह जंगली बिलाव पिछले कुछ दिन से केसरीसिंहपुर एरिया में एक्टिव है। इस दौरान यह बिलाव कुत्तों को मार चुका और एक मुर्गे पर भी इसने हमला किया था। इलाके के गांव गुलाबेवाला में 22 दिसंबर को पहली बार इस बिलाव की एक्टिविटी नोटिस की गई थी। एक सीसीटीवी कैमरे में बिलाव नजर आने के बाद इसके इलाके में एक्टिव होने की पुष्टि हुई थी। 22 दिसंबर को बिलाव नजर आने के बाद पिछले करीब दस दिन से इसकी कोई एक्टिविटी नोटिस नहीं हुई थी, वहीं शुक्रवार को एक बार फिर यह बिलाव अरायण इलाके में दिखा। गांव 32 एफ अरायण के पूर्व सरपंच तिलोकाराम के खेत में यह बिलाव शुक्रवार दोपहर नजर आया। तिलोकाराम दोपहर में अपने कुछ रिश्तेदारों के साथ खेत गया था। इस दौरान उसे यह बिलाव दिखा। उसने काफी दूरी से इसके फोटो भी लिए। तिलोकाराम का कहना है कि यह वही बिलाव है जो कुछ दिन पहले इस इलाके में नजर आया था। बिलाव नजर आने के बाद इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। इस पर रेंजर मोहनलाल मौके पर पहुंचे। रेंजर मोहनलाल ने बताया कि बिलाव नजर आने के बाद 32 एफ अरायण में पहले पिंजरा लगाया गया था लेकिन बिलाव पकड़ा नहीं गया। अब एक बार फिर एक्टिविटी नजर आने पर यहां पिंजरा लगाया गया है। इसे पकड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।



## सूरतगढ़ में बायो एनर्जी गैस प्लांट के निर्माण का विरोध

● भांकरोटा ब्लास्ट के बाद लोगों को बड़े हादसे का डर है: विधायक

**जनमार्ग न्यूज**



**सूरतगढ़।** जयपुर के भांकरोटा में हुए गैस टैंकर अग्निकांड के बाद सूरतगढ़ में बन रहे कंपनी के बायो एनर्जी गैस प्लांट को लेकर लोगों में आक्रोश है। यह प्लांट शहर में ही बसंत विहार कॉलोनी और राधा स्वामी सत्संग भवन के सामने तथा रेलवे लाइनों से चंद कदमों की दूरी पर बन रहा है। हालांकि इस संबंध में रेलवे को की गई शिकायत के बाद रेल विभाग ने इसकी जांच का जिम्मा आरपीएफ सौंपा हुआ है। मगर इस बीच हुए भांकरोटा ब्लास्ट के बाद लोगों ने इस प्लांट को आबादी क्षेत्र से दूर ले जाने की मांग की है। वहीं लोगों के आक्रोश को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक डूंगरराम गेदर ने श्रीगंगानगर जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर नगर पालिका क्षेत्र में बन रहे बायो एनर्जी गैस प्लांट की जांच और निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की है। विधायक गेदर की ओर से जिला कलेक्टर को लिखे पत्र में बताया गया है कि नगर पालिका सीमा क्षेत्र में घनी आबादी और रेलवे ट्रैक के पास बायो एनर्जी गैस प्लांट निर्माणाधीन है। हाल ही में 20 दिसंबर को जयपुर की घटना की तरह यहां कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका को देखते हुए विभिन्न संगठन निर्माण कार्य को लेकर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं और गैस प्लांट निर्माण को लेकर आक्रोश है।

अपने आसपास की ताजा घटनाओं एवं दुर्घटनाओं की जानकारी व फोटो मो. 94140-87692, 77421-86692, 93526-86083 पर देवें। E-mail: Morningjanmarg@gmail.com

सम्पादकीय

## लोगों की बढ़ी चिंता

कुछ महीने पहले भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर के एक शोध में पाया गया कि शहरीकरण की वजह से देश के 140 शहरों की रातें उनके आसपास के गैर-शहरी क्षेत्रों की तुलना में साठ फीसद गर्म है। कई देशों में तेजी से बढ़ते तापमान के बीच एक अध्ययन सामने आया था कि जलवायु परिवर्तन का असर पृथ्वी पर दिखने लगा है। आज दुनिया के कई देश गर्मी से बेहाल हैं। भारत में भी पिछले साल रेकार्ड गर्मी पड़ी। कई राज्यों में पारा पचास के आसपास पहुंच गया। मई-जून की तपती गर्मी आगे भी बनी रही। जुलाई और सितंबर में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहा। यह विचित्र बात है कि मानसून के बाद चार महीने अब तक के सबसे गर्म महीने दर्ज किए गए। क्या जलवायु परिवर्तन का प्रभाव अब स्पष्ट होकर सामने आने लगा है? गौरतलब है कि वर्ष 1901 के बाद वर्ष 2024 भारत में सबसे गर्म वर्ष रहा। मौसम विज्ञान विभाग की ओर से दी गई इस जानकारी को गंभीरता से लेने की जरूरत है। इसने यह बता कर भी चिंता ब?ा दी है कि इस वर्ष जनवरी के दौरान देश के अधिकतर हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं। मौसम का मिजाज क्यों बदल रहा है और धरती का तापमान क्यों बढ़ रहा है, इसे समझने की आवश्यकता है। यह जरूरी इसलिए भी है कि पिछले साल धरती का तापमान 0.54 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। कुछ महीने पहले भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर के एक शोध में पाया गया कि शहरीकरण की वजह से देश के 140 शहरों की रातें उनके आसपास के गैर-शहरी क्षेत्रों की तुलना में साठ फीसद गर्म है। यह समस्या केवल भारत की ही नहीं है। न केवल एशिया, बल्कि पश्चिमी देशों से लेकर दक्षिणी गोलार्ध में अंटार्कटिका तक इसकी आंच पहुंच रही है। सवाल है कि क्या हमने प्रकृति पर अधिक बोझ डाल दिया है। दरअसल, जीवाश्म ईंधनों के बेतहाशा इस्तेमाल, जंगलों की कटाई और विकास के नाम पर शहरीकरण को बढ़ावा न दिया गया होता, तो धरती संभवतः कुछ ठंडी होती। मगर मनुष्य ने अपने स्वार्थ के लिए जलवायु को संकट में डाल दिया। इसी का परिणाम है कि प्रकृति अब अपना आक्रोश प्रकट करने लगी है। नतीजा यह कि दुनिया में कहीं अधिक गर्मी, तो कहीं ज्यादा सर्दी पड़ रही है। अब इस मसले पर वैश्विक स्तर पर ठोस पहल करने की जरूरत सिर पर आ खड़ी हुई है।

## विमान यात्रा को सुरक्षित बनाना जरूरी

सबसे बड़ी असुरक्षा वेदना और सर्वाधिक भय इस दुर्घटना में मारे गए यात्रियों के परिजनों को है, जो घटना के दो-तीन दिनों के बाद भी विश्वास नहीं कर पा रहे हैं कि उनके अपनों ने ऐसे यूं इस प्रकार अपने प्राण गंवा दिए हैं। वैसे दिन-प्रतिदिन आधुनिक से आधुनिकतम होती जा रही दुनिया में अधिसंख्य व्यक्ति किसी के भी प्रति वैसी संवेदना नहीं रखते, जैसी किसी के मरने पर किसी में कभी हुआ करती थीं। दक्षिण कोरिया, दुनिया, वायु यातायात नियंत्रण कंपनियों, वायु यान निर्मित करने वाली कंपनियों और दुर्घटना के समाचार से अवगत हुए लोगों में विमान दुर्घटना में दिवंगत लोगों के प्रति कोई विशेष संवेदना होने की स्थितियां-परिस्थितियां बची ही कहां हैं अब कहीं।

गत रविवार को दक्षिण कोरिया में एक यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ। विमानकर्मियों सहित कुल 181 लोग इस पर सवार थे। मुआन विमान-स्थल पर उतरते हुए इसमें आग लगी और देखते ही देखते भू-बल व अग्नि के कारण 179 लोगों की दुःखद मृत्यु हो गई। इनमें से 85 स्त्रियों और 84 पुरुषों की पहचान कर ली गई है, किंतु 10 मृतक ऐसे हैं जिनकी तात्कालिक लैंगिक पहचान नहीं हो सकी थी। घटना में केवल दो बच्चे जीवित बच सके हैं। स्थानीय वाईटीएन टेलीविजन द्वारा प्रसारित एक चलचित्र में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि जेजू एअर नामक विमान विमान-स्थल के मार्ग पर फिसला और एक कंक्रीट दीवला से जा टकराया। यह चलचित्र प्रथम चलचित्र था। अन्य चलचित्रों में विमान को टकराकर टूटने के बाद जलते हुए और काला धुंआ छोड़ते हुए स्पष्ट देखा जा सकता है। अग्निशमन विभाग के प्रमुख ने पुष्टि की है कि विमान पूर्ण रूप से नष्ट हो गया। दक्षिण कोरियायी देश में हुई कुल विमान दुर्घटनाओं में से यह एक बड़ी दुर्घटना है। कोरिया के परिवहन मंत्रालय के अनुसार वायुयान 15 वर्ष पुराना बोइंग 737-800 संरूप धारी जेट था, जो बैंकाक से लौट रहा था। परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों से घटना के स्पष्ट कारणों की जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है।

आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं कि यान पक्षी या पक्षियों से टकराया हो, भूमार्ग पर उतरने की समयावधि में गति नियंत्रक उपकरणों में से कोई उपकरण क्षतिग्रस्त हो गया हो, भूमार्ग पर कोई अनापेक्षित अवरोधक पड़ा हो, पुराना होने के कारण विमान का कोई पेच या पुर्जा हिलडुल गया हो अथवा चालक व चालकों से कोई भूल या चूक हो गई हो। जो भी हुआ हो, किंतु उसका परिणाम अत्यंत दुःखद, हृदयविदारक और भयभीत करने वाला है। सबसे बड़ी असुरक्षा वेदना और सर्वाधिक भय इस दुर्घटना में मारे गए यात्रियों के परिजनों को है, जो घटना के दो-तीन दिनों के बाद भी विश्वास नहीं कर पा रहे हैं कि उनके अपनों ने ऐसे यूं इस प्रकार अपने प्राण गंवा दिए हैं। वैसे दिन-प्रतिदिन आधुनिक से आधुनिकतम होती जा रही दुनिया में अधिसंख्य व्यक्ति किसी के भी प्रति वैसी संवेदना नहीं रखते, जैसी किसी के मरने पर किसी में कभी हुआ करती थीं। दक्षिण कोरिया, दुनिया, वायु यातायात नियंत्रण कंपनियों, वायु यान निर्मित करने वाली कंपनियों और दुर्घटना के समाचार से अवगत हुए लोगों में विमान दुर्घटना में दिवंगत लोगों के प्रति कोई विशेष संवेदना होने की स्थितियां-परिस्थितियां बची ही कहां हैं अब कहीं। वास्तव में मनुष्य की एक शारीरिक-मानसिक सीमा है, आधुनिकता के समर्थक मनुष्यगण इस सत्य को स्वीकार ही नहीं करना चाहते। इसीलिए आधुनिक प्रगति के समर्थक लोग दुनिया में रहकर हर वह यंत्र, रसायन और उन्नत व्यवस्था बना-बसा देना चाहते हैं, जो एक क्षण के लिए तो आकर्षित करती है, किंतु दीर्घावधि में उन्हीं लोगों का राक्षसी दोहन करने लगती है, जिनके बारे में सोच-विचार कर इनकी उत्पत्ति हुई होती है। एक सीमा तक पूरा जीवित संसार, कोरियाई शासन-प्रशासन और लोग इतना भर आश्वस्त हो सकते हैं कि दुर्घटना का सजीव प्रसारण उनके पास है, और वे दुर्घटना के आघात से ठहराव मिलने के बाद, उसके आधार पर स्पष्ट देख सकते हैं कि उनके परिजन विमान दुर्घटना में मारे गए हैं और परिणाम में उनके मृत शरीर



अंतिम संस्कार हेतु उनके पास हैं, किंतु इसके विपरीत कल्पना करें उन विमान या यान दुर्घटनाओं की, जिनमें न तो विमान या यान के अंश और न ही इनके साथ अदृश्य हुए यात्रियों का ही कहीं, गहन खोज के बाद भी, मृत भी होने का कोई साक्ष्य मिल पाया है। आज तक ऐसे विमान और इनके यात्रियों का कुछ पता नहीं चल सका है। अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमानन संगठन के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 19वीं शताब्दी में 28 जून 1856 से लेकर 14 जुलाई 1897 तक कुल 5 वायु वाहन दुर्घटनाग्रस्त या अदृश्य हुए थे। बीसवीं सदी में सन् 1901 से 1919 तक कुल 13 वाहनों के साथ दुर्घटना हुई। इनमें 11 लोग रहस्यमयी ढंग से अदृश्य हुए। इसी सदी में 1920 और 1939 की समयावधि में हुई 49 विमान दुर्घटनाओं में मृत 195 लोगों में से अधिसंख्य का पता नहीं चल पाया था। जैसे-जैसे दुनिया में वैज्ञानिक, औद्योगिक, यांत्रिक व प्रौद्योगिकीय उन्नति होती रही, उसी गति से वायुयान दुर्घटनाग्रस्त अथवा दुर्घटना में अदृश्य होते रहे। 1940 और 1959 की अवधि में 75 विमान आकाश में अनियंत्रित हुए। इनमें 1160 लोग लापता थे। 1960 से 1979 के मध्य 46 विमानों की दुर्गति हुई। इनमें 531 व्यक्ति काल-कवलित हुए। इसी प्रकार 1980 से 1999 के बीच 32 विमान-दुर्घटनाओं में 220 लोगों ने प्राण गंवाए। इक्कीसवीं सदी में भी विमान दुर्घनाओं की आवृत्ति कम नहीं हुई। 2000 से 2019 के बीच कुल 18 घटनाओं में 295 लोगों की जानें गईं। इस समयावधि में 8 मार्च 2014 को मलेशिया एयरलाइन्स के बोइंग 777-200ईआर की दुर्घटना भी सम्मिलित है। सन् 2019 तक यह सबसे बड़ी विमान दुर्घटना थी। इसमें 239 लोग सवार थे, जिनका आज तक कुछ भी पता नहीं चला है। इस घटना के बारे में ये प्रामाणिक तथ्य है कि यह विमान आस्ट्रेलिया के पश्चिम में स्थित हिंद महासागर के ऊपर से गायब हो गया था। हालांकि घटना के बहुत दिनों बाद विमान के कुछ अवशेष अवश्य प्राप्त हुए थे, लेकिन विमान अब भी अदृश्य ही है। इसके बाद 2 अप्रैल 2022 को फ्रांस से उड़ा एक विमान अत्यधिक घने बादलों में गायब हो गया था। जहां तक दो बड़ी विमान दुर्घटनाएं हैं उनमें मलेशियाई बोइंग और गत रविवार को दक्षिण कोरिया के यात्री विमान के साथ हुई घटनाएं सबसे बड़ी और भयावह हैं। इनमें क्रमशः 239 और 179 लोगों ने अपने प्राण गंवाए। जब दक्षिण कोरिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ तब ही कनाडा का एक विमान भी अनियंत्रित हुआ था। धनपतियों के स्वामित्व वाले अनेक निजी विमान भी यहां-वहां समुद्र के ऊपर अथवा किसी दुर्गम पहाड़ या सघन वनों के ऊपर आकाश में विचित्र परिस्थितियों में दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। वायु सेना के कई विमान भी व्योम में रहस्यमयी ढंग से गायब हो गए। समुद्र की सीमा तक आकाश में समुद्र से ऊपर एक निश्चित दूरी पर उड़ने वाले अनेक विमान अत्यंत रहस्यमयी परिस्थितियों में अदृश्य हो चुके हैं। आधुनिक एवं नवोन्नत प्रौद्योगिकीय उपकरणों के साथ वर्षों तक इन्हें ढूंढने के अनेक अभियान भी चलाए गए। अनेक देशों ने पारस्परिक खोज अभियान भी चलाए, पर अंततः सब विफल रहे। इस तरह आकाश की वैमानिकी-यात्रा दिनोंदिन असुरक्षित एवं भयाक्रांत होती जा रही है। विमानन कंपनियों और विमान व विमान से संबंधित उपकरण बनाने वाली कंपनियों को व्यापक स्तर पर यह प्रयास अवश्य करना चाहिए कि वे रहस्यमयी ढंग से गायब होने वाले विमानों का प्रामाणिक कारण खोजें और फिर विमान गायब होने की घटनाओं पर नियंत्रण करें। प्रत्येक देश के शासन और वैमानिकी शिक्षण-प्रशिक्षण में कार्यरत प्रतिष्ठानों को सामान्य विमान दुर्घटनाओं के परिचित, अपेक्षित और संभावित कारणों की भी सघन जांच-पड़ताल करनी चाहिए, ताकि यात्रियों के लिए वायुयात्राओं को चहुंदिश रूप में सुरक्षित से भी अधिक सुरक्षित किया जा सके।

## महाकुंभ -2025 सभी रिकॉर्ड तोड़ने को तैयार

प्रयागराज में महाकुंभ मेला 3 जनवरी से शुरू होने जा रहा है और समापन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन होगा। 2013 के बाद अब प्रयागराज में महाकुंभ होगा। इस मेले का इंतजार पूरी दुनिया में रह रहे सनातनियों को बहुत बेसब्री से रहता है चूंकि यह बारह वर्ष बाद आता है और इसकी मान्यता बहुत बड़ी है। हर बार की तरह तैयारी जोरों-शोरों पर है और सभी में बहुत उत्साह है। करोड़ों सनातनी अपनी आस्था को लेकर यहां डुबकी लगाने आते हैं। कुंभ सनातन धर्म का प्रतीक माना जाता है। यहां लोग पापों की क्षय और पुण्य की प्राप्ति के लिए आते हैं। लेकिन उनके इकट्ठा होने का लाभ जो धर्माचार्य हैं वो उठाते हैं और लोगों को दिलवाते हैं। पहले तो सामवेद होते हैं और सामवेद होकर पिछले 12 वर्षों की स्थिति का आकलन करते हैं। इसमें देखना यह होता है कि पिछले कुंभ में आए थे और अब परिस्थितियां क्या हैं इसकी समीक्षा होती है और कुंभ के लिए वहां से सनातनियों को संदेश मिलता है। बीते कुछ वर्षों में हिंदू अपने धर्म के प्रति बहुत जागरूक हुआ है। वैसे तो अब सभी हिन्दू तीर्थ स्थलों बहुत भीड़ होती है और यदि कुंभ के विषय में आप देखेंगे तो चालीस करोड़ से अधिक श्रद्धालु आ रहे हैं। पिछली बार भी लगभग 25 करोड़ श्रद्धालु आए थे। जब देश आजाद हुआ था तब डेढ़ करोड़ आए थे जबकि उस समय संचार की सुविधा भी बेहतर नहीं थी। हर बार की तरह कुंभ में भीड़ का रिकॉर्ड टूटने को तैयार है। यहां लोग सत्संग और दान भी करते हैं। माना जाता है कि इससे उनके पाप खत्म हो जाते हैं और दोबारा से तरोताजा होकर संसार की यात्रा में लग जाते हैं। कुंभ की उत्पत्ति समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी हुई है, जब देवता और असुरों ने मिलकर समुद्र मंथन किया तब जो अमृत निकला इस अमृत को पीने के लिए दोनों पक्षों में युद्ध हुआ जो 12 दिनों तक चला था। यह बारह दिन पृथ्वी पर बारह वर्ष के बराबर थे इसलिए कुंभ का मेला 12 सालों में लगता है। संतों का कहना है कि कुंभ के बारे में सुनकर वहां बहुत सारे लोग आते हैं लेकिन वह कुंभ का पूरा लाभ नहीं उठा पाते क्योंकि कुंभ एक धार्मिक पर्व है,कोई घूमने-फिरने की जगह नहीं। वहां जो भी लोग जाएं, वे धार्मिक लाभ उठाएं चूंकि यह लाभ जीवन में ज्यादा बार नहीं मिल पाता। वहां जो भी आए वो धार्मिक आस्था के साथ ही आए और सात्विकता के नियमों का पालन करे। जितना उपलब्ध हो जाए, उतने में निर्वाह करने की मन में भावना रखें। हम पूरी जिंदगी सारे संसारी सुख को भोगते हैं लेकिन कुंभ में आने के बाद सुविधा का अत्यधिक प्रयोग न करें और जितने भी दिन आप यहां रहें उतने एक संन्यासी के आध्यात्मिक जीवन की तरह जीयें। बता दें कि प्रयागराज सनातन संस्कृति के प्राचीनतम नगरों में से एक है। प्रयागराज की महत्ता और प्राचीनता का विवरण ऋग्वेद से लेकर पुराणों और रामायण, महाभारत जैसे महाकाव्यों में मिलता है। सनातन के आराध्य प्रभु श्री राम के जीवन और वनवास प्रसंग से प्रयागराज का विशेष संबंध है। रामायण में वर्णन मिलता है कि वनवास के लिए अयोध्या से निकल कर प्रभु श्रीराम प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम पहुंचे थे। जहां उन्होंने रात्रि निवास कर अपने बाल सखा निषादराज की मदद से गंगा नदी पार की थी और वहां से भारद्वाज मुनि के आश्रम पहुंचे थे। 142 सालों में महाकुंभ के आयोजन के स्वरूप में निरंतर बदलाव आता जा रहा है। महाकुंभ के आयोजन का लगातार विस्तार हो रहा है। आंकड़ों के अनुसार पहली बार 1882 में महाकुंभ का आयोजन केवल बीस हजार रुपये की लागत से हुआ था। महाकुंभ मेला 2025 की तैयारियों के बीच इस महाआयोजन का बजट करीब 7500 करोड़ रुपये है। बताया जा रहा है कि दुनिया के कोने-कोने से खास से लेकर आम व्यक्ति आएगा। प्रयागराज के व्यापार मंडल के अनुसार कुंभ के दिनों में यहां करोड़ों रुपये का व्यापार होगा जिसको लेकर हर छोटा-बड़ा व्यापारी उत्साहित है। श्रद्धालुओं के साथ किसी प्रकार की लूटपाट न हो, इसके लिए दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं चूंकि ऐसे समय पर कुछ दुकानदार चीजों को अधिक महंगा करके लोगों को लुटने का काम करते हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर घटना को बेहद गंभीरता से ले रहे हैं और कोई कमी न हो, उसके लिए शासन-प्रशासन पूरी तरह से एक्टिव किया हुआ है। वहां जाने वाले श्रद्धालुओं को सलाह भी दी जा रही है कि बच्चों-बुजुर्गों व मानसिक रोगियों का विशेष ख्याल रखा जाए, चूंकि इतने बड़े मेले में लोग खो जाते हैं और प्रशासन को ढूंढने में बहुत समस्या आती है, इसलिए वहां अपना व अपनों का ख्याल रखें और सुरक्षा के साथ अपनी यात्रा करें।

## गावत संतत संभु भवानी

शिव वो हैं, जो सब कुछ सहजता के साथ लेते हैं। शिव भक्ति का एक अर्थ यह भी है कि सब कुछ सहजता के साथ किया जाए और सब कुछ सहजता के साथ लिया जाए। व्यक्ति मुस्कुराए तो सहजता के साथ और रोये तो भी सहजता के साथ। भगवान शिव इतने सहज हैं कि देवों के देव होने के बावजूद वो नाचते भी हैं, गाते भी हैं, मुस्कुराते भी हैं। जैसे महाभारत में कृष्ण ने गीता गाई, तुलसीदास श्रीरामचरितमानस गाते हैं, वैसे ही भगवान शिव भी गाते हैं। भगवान शिव ने माथे पर वक्रचंद्र को धारण किया है। यह एक संकेत है कि तुम में चाहे कितनी ही वक्रता हो, मैं तुम्हें स्वीकार कर लूंगा। सब कुछ स्वीकार कर लेना बहुत बड़ी बात होती है। कोई कैसा भी हो, उसे स्वीकार कर लिया जाए। हम स्वीकार करने के बजाय दूसरों को सुधारने में लग जाते हैं और यह काम कभी हो नहीं पाता। इससे अकारण ही संघर्ष पैदा होता है। शिव सहज भी हैं और सबको स्वीकार भी करते हैं, साथ ही उनमें संतोष भी है। सावन के इन दिनों में शिव की भक्ति करते हुए हम उनकी तरह संतोषी बनना भी सीखें। मैं हमेशा कहता हूं कि व्यक्ति को कर्मशील होना चाहिए, प्रमादी नहीं। शास्त्रों में प्रमाद को मृत्यु बताया गया है। लेकिन शिवजी की तरह संतुलन रखना भी हमें आना चाहिए। शिव परिवार में वाहन के रूप में मोर भी है, चूहा भी है, बैल भी है और शेर भी है। सांप भी शिव के साथ रहते हैं। ये सब एक-दूसरे के शत्रु हैं, लेकिन परिवार में सब मिल-जुल कर रहते हैं।

## अहंकार ही है समस्याओं का कारण

एक बार नारद मुनि ने कामदेव को पराजित कर दिया तो इस बात का घमंड हो गया। इसके बाद नारद जी जहां जाते, वहां अपनी तारीफ करने लगते। ऐसे ही एक दिन वे शिव जी के पास पहुंच गए। नारद जी ने शिव जी के सामने अपनी प्रशंसा करना शुरू कर दी। शिव जी नारद मुनि की बातें सुनकर समझ गए कि इन्हें अहंकार हो गया है। शिव जी से विदा लेकर नारद मुनि विष्णु जी के पास पहुंच गए और विष्णु जी के सामने अपनी तारीफ करनी शुरू कर दी। विष्णु जी के सामने नारद मुनि ने अहंकार दिखाया तो विष्णु जी ने तय किया कि नारद जी भक्त हैं और इनका घमंड करना सही नहीं है। इसके बाद विष्णु जी ने अपनी माया रची। नारद मुनि विष्णु जी के यहां लौट रहे थे तो उन्हें रास्ते में एक सुंदर राज्य दिखा। वे उस राज्य में पहुंचे तो वहां देखा कि एक राजकुमारी का स्वयंवर हो रहा है। राजकुमारी बहुत सुंदर थी। उसे देखकर नारद ही मोहित हो गए और तुरंत ही विष्णु जी के पास पहुंच गए। नारद मुनि ने विष्णु जी से कहा कि आप मुझे सुंदर रूप दे दीजिए। ताकि मैं स्वयंवर में उस राजकुमारी से विवाह कर सकूं। इसके बाद नारद मुनि उस स्वयंवर में पहुंच गए। विष्णु जी ने नारद मुनि को बंदर का मुख दे दिया था। स्वयंवर में नारद पहुंचे तो वहां बंदर जैसे मुख की वजह से उनका बहुत अपमान हुआ। गुस्से में नारद मुनि ने विष्णु जी को शाप दे दिया, लेकिन जब उनका मन शांत हुआ तो उन्हें पूरी बात समझ आ गई। जब नारद का घमंड टूटा तो उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी।

## किसी का दर्द मिल सके तो ले उधार



हमारे जीवन में कभी न कभी ऐसा समय आता है, जब हम मेंटली थके हुए होते हैं या उदास महसूस करते हैं। ऐसे में यह पहचानना कि कोई और व्यक्ति भी इसी स्थिति से गुजर रहा है, बेहद जरूरी हो जाता है। अगर आपका कोई करीबी लो फील कर रहा है, तो इसे पहचान कर आप उसकी मदद कर सकते हैं। ऐसा व्यक्ति जो स्वभाव से खुशमिजाज हो और पहले उत्साह से भरा रहता हो, अचानक चुप हो जाए और किसी काम में उसका मन न लगे तो यह संकेत हो सकता है कि वह अंदर से परेशान है। इस दौरान उसका फिजिकल बिहेवियर भी बदल सकता है। उसे थकान, सुस्ती या नींद की समस्या हो सकती है। वह अक्सर छोटी-छोटी बातों से परेशान हो सकता है और सेल्फ-कॉन्फिडेंस की कमी महसूस कर सकता है। यह जरूरी है कि हम ऐसे लोगों के साथ संवेदनशीलता से पेश आएं और यह समझने की कोशिश करें कि उनके मन में क्या चल रहा है। कई बार स्ट्रेस, फैमिली या रिलेशनशिप की प्रॉब्लम्स, काम का दबाव या हेल्थ से जुड़ी चिंताएं किसी को मेंटली परेशान कर सकती हैं। इनके अलावा कोई डर या निराशा भी उदासी का कारण बन सकते हैं। ऐसी परिस्थिति में हर किसी को इमोशनल हेल्प की जरूरत होती है। ऐसे में थोड़ी सी समझदारी और सहानुभूति से हम किसी का दिल हल्का कर सकते हैं। साथ ही उन्हें वापस खुशहाल जीवन की ओर लौटने में मदद कर सकते हैं। जब हमारा कोई दोस्त या परिवार का कोई सदस्य लो फील कर रहा होता है, तो हम सब उसकी मदद करना चाहते हैं। हालांकि, इसके लिए सबसे जरूरी चीज है कि आप मदद के लिए सही तरीका अपनाएं। कभी-कभी यह उदासी ब्रेक-अप या किसी रिश्ते में तकरार की वजह से हो सकती है। ऐसे में पहले यह समझना जरूरी है कि उनका मूड खराब क्यों है और उनके व्यवहार में क्या बदलाव आए हैं। वे पहले की तरह बात नहीं कर रहे, खाना नहीं खा रहे या सिर्फ अपने फोन में लगे रहते हैं। ये संकेत हो सकते हैं कि सबकुछ ठीक नहीं है। इस स्थिति में आप उनसे जुड़ने की कोशिश करें और उनका हौसला बढ़ाएं। हालांकि, इस दौरान हमें कुछ बातों का ख्याल रखना चाहिए और ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए, जो उन्हें और अधिक तकलीफ पहुंचाए। आइए इसे ग्राफिक के माध्यम से समझते हैं। भावनाओं को हल्के में न लें- जब कोई व्यक्ति लो फील कर रहा हो तो यह न कहें, 'तुम्हें इससे बचना चाहिए' या 'यह कोई बड़ी बात नहीं है।' इस तरह के वाक्य बोलने से बचें। इससे उन्हें यह लग सकता है कि उनकी परेशानी का कोई महत्व नहीं है। इससे वे और भी ज्यादा अकेलापन महसूस कर सकते हैं। बिन मांगे सलाह न दें- जब तक व्यक्ति आपसे सीधे मदद न मांगे, उन्हें अपनी सलाह देने से बचें। कई बार लोग चाहते हैं कि कोई उन्हें सुने, न कि उन्हें समस्याओं का समाधान बताए। अनचाही सलाह देने से उन्हें यह महसूस हो सकता है कि आप उनकी परेशानी को समझ नहीं पा रहे हैं। इमोशन को नजरअंदाज न करें- किसी को यह न कहें कि 'पॉजिटिव रहो' या 'तुम्हारी स्थिति इतनी भी बुरी नहीं है।' ऐसा कहना उनके संघर्षों को नकारना हो सकता है। इससे उन्हें और भी निराशा हो सकती है। ऐसे में हमें समझना चाहिए कि हर व्यक्ति की मुश्किलें अलग हो सकती हैं। उन्हें यह महसूस कराना जरूरी है कि आप उनके इमोशंस को समझते हैं और उनका सम्मान करते हैं। दोष देने से बचें- आलोचना करने या दोष देने से बचें। जैसे 'तुम हमेशा ऐसा ही करते हो' या 'तुमने यह गलती क्यों की,' ऐसे वाक्य बोलने से बचें। इससे उनका आत्मविश्वास और कम हो सकता है। तकलीफ पहुंचाने वाले हंसी-मजाक से बचें- हंसी-मजाक के दौरान ऐसा कुछ न बोलें कि उन्हें तकलीफ पहुंचे। गलत समय पर किया गया मजाक उन्हें और परेशान कर सकता है। अगर आपके किसी प्रियजन का मन उदास है तो आपकी थोड़ी सी मदद और सच्ची समझ उन्हें बेहतर महसूस करा सकती है। आइए इसे ग्राफिक के जरिए समझते हैं। जब कोई उदास हो तो टोके बिना उनकी बातें सुनना, इमोशंस को समझने की कोशिश करना उन्हें बेहतर फील करा सकता है। सिर हिलाकर, आंखों में आंखें डालकर और सवाल पूछकर आप यह दिखा सकते हैं कि आप सच में उनकी परेशानियों को समझना चाहते हैं। लो फील करने पर कम आत्मविश्वास की वजह से वे अपनी पॉजिटिव क्वालिटीज को भूल सकते हैं। ऐसे में उनके साथ उनकी पिछली सफलता, अनूठी क्षमताओं के बारे में बात करें। जिन चुनौतियों का उन्होंने सामना किया है, उसके लिए तारीफ करें। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और उन्हें अपनी स्ट्रेंथ का एहसास होगा। आप उनके गुणों या अच्छे कामों के बारे में बात करें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप उन्हें महत्व देते हैं। उनकी क्वालिटीज के लिए उनकी सच्चे दिल से तारीफ करें। इससे उनमें आत्मविश्वास आएगा और वे अच्छा फील करेंगे। परिस्थितियों को उनके नजरिए से समझने की कोशिश करें। अगर वे किसी मुश्किल स्थिति में हैं तो सुझाव या सलाह देने से पहले एक बार सोचें। यह समझने की कोशिश करें कि उन्हें कैसा फील हो रहा है और उन्हें उस वक्त क्या चाहिए। कभी-कभी आपका उनके साथ होना ही उन्हें मजबूत बना सकता है। साथ में समय बिताने और किसी एक्टिविटी में हिस्सा लेने से उनका ध्यान परेशानियों से हट सकता है। कुछ देर लिए उन्हें राहत मिल सकती है। इससे वे कुछ पॉजिटिव सोच सकेंगे। आप उनके साथ किसी फेवरेट स्पोर्ट्स एक्टिविटी में हिस्सा ले सकते हैं, लंबी सैर पर जा सकते हैं या साथ में कुछ कुकिंग कर सकते हैं। अगर वे अपने कामों को लेकर परेशान हैं तो आप उनकी मदद कर सकते हैं। ऐसे में उनका स्ट्रेस कम हो सकता है। इससे वे हल्का महसूस करेंगे और आपको यह दिखाने का मौका मिलेगा कि आप उनकी परवाह करते हैं। हल्के अंदाज में किए गए हंसी-मजाक से उनका मूड बेहतर हो सकता है।

# अनूपगढ़ जिला बचाओ संघर्ष समिति की बैठक में आंदोलन की तैयारी

जनमार्ग न्यूज

**रावला मंडी।** अनूपगढ़ जिला बचाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में रावला के व्यापार मंडल भवन में व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधि आसपास की पंचायत के सरपंच जनप्रतिनिधि व आमजन की एक बैठक हुई। बैठक में अनूपगढ़ जिले को बचाने के लिए पुरजोर तरीके से चर्चा करते हुए आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेश बिश्नोई व्यापार मंडल अनूपगढ़ के पूर्व अध्यक्ष भजनलाल कामरा ,विधायक शिमला नायक , प्रधान अशोक जाखड़, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गौड, पंचायत समिति डायरेक्टर विष्णु खिलेरी, गोपी राम भुकर, सुभाष वर्मा, सत्य प्रकाश सियाग, विनोद पूनिया, अरुण कटारिया, सुभाष पूनिया, सुरेंद्र नेहरा, राकेश खन्ना, शिवराज धारणीया, मुन्नवर खां जोईया, सुभाष भादू, हीरालाल चुचरा, रामकिशन डागला, श्रवण पूनिया, विजय पाल सिगड़ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। विधायक शिमला नायक ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ने राजनीतिक द्वेषता के कारण अनूपगढ़ जिले को निरस्त किया है जबकि यह सभी मापदंड पूरे कर रहा था। यदि कुछ कमी थी तो सरकार उसे पुरा कर सकती थी। जिले को वापिस लागू करने के लिए सभी लोगों को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। अनूपगढ़ मुख्यालय के लोगों ने जुलूस, चक्का जाम, व बाजार बंद कर विरोध जताया। अब अनूपगढ़ जिले की सभी मंडियों को एक साथ बंद कर विशाल जलसा कर एकजुटता का सरकार तक मैसेज भेजना है तभी सरकार अपने निर्णय को बदलने पर मजबूर होगी इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है। विधायक ने आरोप लगाया की मुख्यमंत्री ने डीग जिले को मात्र 38 किलोमीटर दूर होने पर भी रख लिया जबकि अनूपगढ़ मुख्यालय गंगानगर मुख्यालय से 120 किलोमीटर दूर है तथा अनूपगढ़ जिले की अंतिम मंडी 365 हैड से करीब 220 किमी दूर है लोगों को गंगानगर जिला मुख्यालय तक पहुंचने में काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। अनूपगढ़ क्षेत्र की जनता के 11 वर्षों के आंदोलन के बाद तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने अनूपगढ़ को जिला बनाया था जिसे भाजपा ने निरस्त कर दिया । जिस दिन जिला निरस्त हुआ उस दिन पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई। जिले को निरस्त कर सरकार ने लोगों पर कुठाराघात किया है। जब तक अनूपगढ़ को पुनः जिला नहीं बनाया जाता तब तक इस क्षेत्र की जनता चैन से नहीं बैठेगी और एक बड़ा आंदोलन करेगी। बैठक को सुरेश बिश्नोई भजनलाल कामरा, शोभा सिंह ढिल्लों सुनील गोदारा सत्यप्रकाश सियाग ने भी संबोधित किया। मंच संचालन पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि अशोक जाखड़ ने किया।



## लायंस क्लब सैंटर ने गौ सेवा की

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** विश्व की सब से बड़ी समाज सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल के प्रांत 3233-ई प्रथम के रीजन बांकेबिहारी की इकाई लायंस क्लब श्रीगंगानगर सैंटर द्वारा नववर्ष के प्रथम दिन अध्यक्ष श्याम गोस्वामी की अगुवाई में सुखाड़िया सर्किल स्थित गौशाला में हरे चारे की 4 सवामणी कर सेवा कार्यों का आगाज किया। क्लब सचिव सचिन कुक्कड़ ने बताया कि इस अवसर पर अध्यक्ष श्याम गोस्वामी, प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा, जीएमटी कॉर्डिनेटर केवल सचदेवा, क्लब की प्रथम महिला प्रोमिला गोस्वामी, कोषाध्यक्ष अनिल पाहुजा, लियो अध्यक्ष निष्काम गोस्वामी, सचिव अभिजीत, पुनीत गौरी सहित अनेक लॉयन सदस्यों ने गौ सेवा कार्य किये। श्याम गोस्वामी ने बताया गौ सेवा में केवल सचदेवा का विशेष योगदान रहा। आशीष अरोड़ा ने कहा गाय की सेवा करने से घर में सुख-समृद्धि और परिजनों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है। गाय के गोबर और मूत्र से असाध्य व असंख्य रोगों का उपचार भी किया जाता है। इसलिए गौ सेवा धार्मिक व सामाजिक दृष्टि में सब से उत्तम सेवा है।

# स्थानांतरण में उपेक्षा ओर भेदभाव के विरोध में सीएम को भेजा ज्ञापन




**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** राजस्थान शिक्षा संघ राष्ट्रीय जिला श्रीगंगानगर द्वारा संगठन के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र खिलेरी के नेतृत्व में शिक्षकों के समस्त संवर्ग के स्थानांतरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया । जिला मंत्री इंद्राज गोदारा ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश में 01 जनवरी से 10 जनवरी के मध्य स्थानांतरण पर लगी रोक शिक्षा विभाग को छोड़कर अन्य सभी विभागों के कार्मिकों के लिए हटायी है। प्रदेश में लोक सेवकों में सबसे अधिक संख्या शिक्षा विभाग में है। सरकार के इस दौहरे रैवये के कारण शिक्षकों में भारी रोष है, क्योंकि सरकार द्वारा शिक्षा विभाग के कार्मिकों को स्थानांतरण के लिए दी गई छूट से उपेक्षित रखा गया है जो प्रदेश के लाखों शिक्षकों के प्रति भेदभाव पूर्ण रवैया है। इससे सरकार का शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण प्रतीत नहीं हो रहा है। सरकार गठन के बाद अन्य सभी विभागों में स्थानांतरण से प्रतिबंध हटाकर 2 बार स्थानांतरण किए है, और हर बार शिक्षा विभाग की उपेक्षा की गई है। संगठन के जिला मिडिया प्रभारी मोहन लाल वर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग सरकार का सबसे बड़ा विभाग होते हुए भी लगातार शिक्षकों की अनदेखी की जा रही है। प्रदेश सरकार के इस निर्णय से संपूर्ण शिक्षा विभाग में सरकार के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है।ज्ञापन के माध्यम से संगठन द्वारा यह मांग की गई है कि कार्मिकों के स्थानांतरण हेतु दी गई छूट में शिक्षा विभाग को भी शामिल कर समस्त संवर्गों के स्थानांतरण भी किए जाए। जिला संयुक्त मंत्री इंद्रसेन लिंबा ने सरकार के इस निर्णय को शिक्षकों की अनदेखी करने वाला और शिक्षक विरोधी बताते हुए शीघ्र स्थानांतरण की मांग की है। ज्ञापन कार्यक्रम में संगठन के पूर्णकालिक कार्यकर्ता अविनाश कुमार शर्मा ,जिला संगठन मंत्री श्री हनुमान जालप ,जिला उपसभाध्यक्ष अशोक कुमार , ,कोषाध्यक्ष पवन जारीवाल , जिला महिला सचिव चित्र बिश्नोई, संयुक्त जिला मन्त्री इन्द्रसेन लिम्बा, उपशाखा अध्यक्ष पुष्पेंद्र बिश्नोई , विजेश बिश्नोई , भूपेन्द्र चुघ, राजीव शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, विनोद कुमार , दीपक गर्ग, हरबंस भांभू, भीम सिंह सुथार, गोविन्द सिडाना, राजेश बेदी, गुरमीत कौर आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिक्षक व कर्मचारियों के हितों के लिए हमेशा तैयार रहते है : सलावद



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ी जाति अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन,अखिल आदिवासी मीणा महासभा व शिक्षक संघ एलीमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) के पदाधिकारियो ने होटल राजविलास पैलेस में संयुक्त रूप से बैठक आयोजित करके प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने कहा कि राज्य भर में कार्यरत प्रबोधक से लेकर प्राचार्य तक के शिक्षको व कर्मचारियों की मांगो के समाधान के लिए में हमेशा तैयार रहता हूं।प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर बिश्नोई,जिला सभाध्यक्ष गोपाल शर्मा,विधि सचिव हनुमान शर्मा,जिला संरक्षक एसएस शर्मा,कर्मचारी नेता सत्यवीर जैन,योगेन्द्र योगी, अखिल आदिवासी मीणा महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मीणा,रामकेश मीणा,अनिल कुमार मीना,अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ी जाति अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला महामंत्री मनीष काचरिया,जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार मीना,महासचिव बाबूलाल मीणा,भीमसिंह मीना ने माला पहनाकर स्वागत किया।

# सेवा सहयोग फाउंडेशन ने बच्चों और बुजुर्गों संग मनाया नव वर्ष

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सेवा सहयोग सत्कार फाउंडेशन की समूची टीम ने मिलकर नववर्ष की सुबह का स्वागत मातृ छाया अनाथ आश्रम, अबोहर(पंजाब)में रह रहे बाल सितारों के साथ मिलकर किया।इस श्रृंखला में समूची टीम द्वारा श्री गंगानगर के समीप ख्यालीवाला में शकुंतला वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का आशीर्वाद भी लिया। फाउंडेशन अध्यक्ष एडवोकेट आशीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्वेता क़ोछड, कोषाध्यक्ष डॉ राहुल अग्रवाल, श्रीमती शिल्पी जिंदल, नीटू जिंदल, डॉल्बी,देवांशी, आचार्य देवम्, सुमन अग्रवाल , पूजा सेठी , कुणाल , तमन्ना , सोनिया और जयप्रकाश इत्यादि सदस्यगण उपस्थित रहें। एडवोकेट आशीष अग्रवाल ने बताया कि सहयोग सत्कार फाउंडेशन द्वारा नववर्ष का स्वागत मातृ छाया आश्रम एवं शकुंतला आश्रम में बच्चों एवं बुजुर्गों के साथ भोजन एवं चायपान कर किया गया। भोजन से पहले सभी के द्वारा मंत्रोचारण किया गया।शकुंतला आश्रम के डॉ. नरेन्द्र मुंजराल द्वारा फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। डॉ राहुल अग्रवाल ने सभी जगह चल रहे अनाथ आश्रम के नाम में अनाथ शब्द को लिखे जाने पर दु:ख प्रकट करते हुए सुझाव दिया कि जिस तरह विकलांग के स्थान पर दिव्यांग शब्द का उपयोग किया जाने लगा है उसी तरह अनाथ के स्थान पर बाल गोपाल का उपयोग किया जाना? ज्यादा उचित है। शिल्पी जिंदल,नीटू जिंदल एवं आचार्य देवम् द्वारा मातृ छाया आश्रम में सभी बच्चों को आउटडोर गेम्स भी खिलाए। डांस गुरु श्वेता क़ोछड के साथ बच्चों ने डांस किया। शिल्पी जिंदल ने शकुंतला आश्रम में सभी बुजुर्गो को पुज्यश्री कह कर संबोधित किये जाने की प्रथा की खूब तारीफ की। मातृ छाया आश्रम के बच्चों द्वारा केक काटकर खुशी व्यक्त की गई।




## अपना घर वृद्धाश्रम में अमृतवाणी सत्संग का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** शुक्रवार को अपना घर वृद्धाश्रम में जय श्री राम सेवा द्वारा अमृतवाणी सत्संग का आयोजन किया गया। यह सत्संग श्रीरामशरणम् आश्रम के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ सत्संग और राम नाम के जाप के माध्यम से नववर्ष का स्वागत किया गया।

जय श्री राम सेवा के संस्थापक विजय खत्री और राजीव मिश्रा ने बताया कि अमृतवाणी सत्संग का मुख्य उद्देश्य वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को एक सुखद और आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करना था। इस आयोजन से बुजुर्गों को न केवल आनंद और शांति की अनुभूति हुई, बल्कि राम नाम के जाप से उनके मन को आध्यात्मिक ऊर्जा भी मिली। कार्यक्रम में श्रीरामशरणम् आश्रम के लोगों ने भजनों और प्रवचनों के माध्यम से राम नाम के महत्व और उसके प्रभाव पर चर्चा की।

## श्याम संकीर्तन में झूमे श्रद्धालु



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** रिद्धि सिद्धि एनक्लेव (द्वितीय) में रिद्धि सिद्धि महिला मंडल द्वारा नए साल के पहले दिन 1 जनवरी की देर शाम को श्री श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महिला मंडल की अध्यक्ष बबीता अरोडा ने बताया कि रिद्धि सिद्धि एनक्लेव (द्वितीय) के गेट के पास 1 जनवरी को शाम 4 से रात 8 बजे तक आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में खाटू श्याम मंदिर सुदामा नगर के गायक कलाकार विशाल सोडा, दीपांशु वर्मा, पवन वर्मा, पवन चलाना, गुरलाल ढिल्लों और नरेंद्र अग्रवाल भजनों की, जिसमें श्रद्धालु भावविभोर होकर सराबोर हो गए। श्री श्याम आर्ट ग्रुप के बबलू शर्मा व अन्य कलाकार झांकियां प्रस्तुत कीं। श्री श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। पुष्प वर्षा कर छप्पन भोग भी लगाया गया। कड़ी खीचड़ा का महाभोग लगा कर श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने में खाटू श्याम मंदिर के मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला और पुजारी हरीश शर्मा के साथ-साथ महिला मंडल की अध्यक्ष बबीता अरोडा और सदस्य ईशा धींगडा, मीनू अरोड़ा व प्रियंका बेदी द्वारा पूरा सहयोग रहा। भजन संध्या बहुत ही शानदार रही। आयोजकों ने सभी गायक कलाकारों तथा भजन संध्या में सहयोग करने वालों सभी महानुभावों का आभार व्यक्त किया।

# आंगनबाड़ी ग्राम साथिन संघ की कार्यसमिति का गठन

### ❒ जिला अधिवेशन एवं निधि संग्रहण के लिए श्रमिक सम्पर्क अभियान चलाया

जनमार्ग न्यूज


**श्रीगंगानगर।** भारतीय मजदूर संघ, जिला श्रीगंगानगर द्वारा बृहस्पतिवार को श्रीगंगानगर, चूनावढ़, मिर्जेवाला आदि क्षेत्रों में श्रमिक सम्पर्क अभियान चलाया गया। जिला मंत्री राजीव वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से सम्पर्क किया तथा उन्हें भारतीय मजदूर संघ, श्रीगंगानगर के 15 जनवरी 2025, बुधवार को प्रातः 10.15 बजे जवाहर नगर स्थित मुकेश ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले जिला अधिवेशन में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ-साथ निधि संग्रहण अभियान के तहत निधि संग्रहण भी की गई। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी संघ अध्यक्ष सीता स्वामी, उपाध्यक्ष मंजू स्वामी, भारतीय मजदूर संघ जिला मंत्री राजीव वर्मा, संता सिंह घोड़ेला विशेष रूप से मौजूद रहे।

इस मौके पर विचार-विमर्श के पश्चात् सर्वसम्मति से आंगनबाड़ी ग्राम साथिन संघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिला मंत्री राजीव वर्मा ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष श्रीमती सुनीता, उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता, महामंत्री श्रीमती ममता, संगठन मंत्री श्रीमती वीरपाल तथा प्रचार मंत्री श्रीमती रेखा 10 जैड को बनाया गया है। इस अवसर पर सुनीता बिश्नोई, मंजू बाला, सावित्री देवी, ममता, तारा, नसीब कौर, सुमन, राजिन्द्र कौर, जरनैल कौर, उर्मिला देवी, सुमन, रणजीत, गीता, लीला देवी, रेखा स्वामी, पुष्पा, रविन्द्र कौर, कविता, गुरवन्त कौर, ममता, वीरपाल कौर, ममता रानी, अमरपाल कौर, किरणदीप, सुलोचना, सुमित्रा, सरोज, चन्द्रावली, बलविन्द्र कौर, राजेन्दरी, कंवलजीत कौर, सर्वजीत कौर, जसवीर कौर, इकबाल कौर सहित भारतीय मजदूर संघ पदाधिकारी तथा आंगनबाड़ी ग्राम साथिन व कार्यकर्ता उपस्थित थे। आंगनबाड़ी ग्राम साथिन संघ के नवनियुक्त पदाधिकारियों व सदस्यों ने पूर्व से और अधिक सक्रिय होकर भारतीय मजदूर संघ की रीति-नीति व विचारधारा अनुसार श्रमिक हित में कार्य करने तथा 15 जनवरी 2025, बुधवार को प्रातः 10.15 बजे जवाहर नगर स्थित मुकेश ऑडिटोरियम में आयोजित भारतीय मजदूर संघ के जिला अधिवेशन में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।



## होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में रजिस्ट्रेशन 15 तक

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** हैनीमेन एज्यूकेशन रिसर्च फोरम एवं शुभकरमन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 19 जनवरी, रविवार को रेलवे रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में दिव्यांग बच्चों के उपचार हेतु लगाए जाने वाले निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में 15 जनवरी, बुधवार तक रजिस्ट्रेशन करवाए जा सकते हैं। ट्रस्ट निदेशक डॉ. चरणजीत सिंह ने बताया कि शिविर में नए मरीजों के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए ट्रस्ट कार्यालय एक एच ब्लॉक में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है। शिविर में सुबह 9 बजे से दोपहर दो बजे तक विशेषज्ञ होम्योपैथिक चिकित्सकों की टीम द्वारा शारीरिक तौर पर अल्प विकसित, गूंगे-बहरे, अंधे, स्वालीन, जन्म से अंगहीन व मंदबुद्धि बच्चों की निशुल्क जांच व उपचार कर उन्हें निशुल्क दवाईयां भी दी जाएंगी। इस दौरान विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ होम्योपैथिक चिकित्सकों की टीम अपनी सेवाएं देगी। शिविर के दौरान बाहर से आने वाले मरीजों व उनके परिजनों के लिए गुरूद्वारा श्री गुरूसिंह सभा प्रबन्धक कमेटी द्वारा लंगर की व्यवस्था की जाएगी।



# 'पैड़ां' पंजाबी मैगजीन का जनवरी अंक का विमोचन



**गोलूवाला (जनमार्ग न्यूज)।** हनुमानगढ़ टाऊन के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब में साहिबजादों की शहादत को समर्पित गुरमत ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा का आयोजन क्षेत्र की विभिन्न गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटिओं द्वारा करवाया गया जिसमें 'पैड़ां' पंजाबी मैगजीन का भी सहयोग रहा। उच्च मानवीय मूल्यों के लिए दी गई गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार की शहादत को नमन करने एवं नई पीढी में इन मूल्यों का संचार करने के लिए किया गया। इस परीक्षा में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों एवं गाँवों से 850 से अधिक विद्यार्थिओं ने भाग लिया। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह सहू द्वारा संपादित पंजाबी साहित्य को समर्पित एकमात्र पंजाबी मैगजीन 'पैड़ां' के जनवरी अंक का विमोचन क्षेत्र की महत्त्वपूर्ण शख्सियतों द्वारा किया गया। इस अवसर पर 'पैड़ां' द्वारा पंजाबी बोली के लिए चलाये जा रहे विभिन्न प्रोजेक्टों पर चर्चा की गयी एवं लोगों को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। पैड़ां पंजाबी साहित्यिक मैगजीन द्वारा पिछला अंक राजस्थान-हरियाणा के साहित्यकारों को समर्पित रहा था जिसका विमोचन कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में किया गया एवं इस अंक को काफी सराहा गया। इस अवसर पर गुरमत परीक्षा में विजेता विद्यार्थिओं को क्षेत्र के विधायक श्री गणेशराज बंसल, सभापति सुमित रिणवा, गुरुद्वारा बाबा सुखा सिंह बाबा महताब सिंह के प्रधान बाबा जोगा सिंह, अमित सहू, परीक्षा संयोजक बलकरण सिंह, सरजीत सिंह व विभिन्न गुरुद्वारा कमेटिओं के

## अमृतसर साहिब में अभिनेता सुनील शेट्टी और तरुण विजय ने टेका मत्था



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी और प्राइवेट कॉलेज स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय ने अमृतसर साहिब के पवित्र गुरुद्वारे में मत्था टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर दोनों ने अपने परिवार के साथ गुरुद्वारे की पवित्रता और भव्यता का अनुभव किया। तरुण विजय ने बताया कि अमृतसर साहिब की यात्रा उनके लिए एक भावनात्मक और आध्यात्मिक अनुभव था। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारे में मत्था टेकने से मन को शांति और नई ऊर्जा प्राप्त होती है। वहीं, अभिनेता सुनील शेट्टी ने भी इस यात्रा को अपने जीवन का विशेष क्षण बताया और कहा कि पवित्र गुरुद्वारे में आकर जो सकारात्मक ऊर्जा मिलती है, वह अद्वितीय है। इस दौरान सुनील शेट्टी और तरुण विजय ने संगत के साथ बातचीत की और गुरुद्वारे की सेवा में भी भाग लिया। उन्होंने लंगर में सेवा देकर सिख परंपरा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी से मुलाकात की और उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। तरुण विजय ने गुरुद्वारे के प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह स्थल न केवल सिख धर्म के अनुयायियों के लिए बल्कि हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# पिस्तौल दिखाकर युवक की स्कूटी ले भागा डकैत

❑ पुलिस ने किया अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज ❑ आरटीआई एक्टिविस्ट द्वारा एसपी ओर थानाधिकारी को मामला जानकारी में लाने के बाद हुआ मुकदमा दर्ज ❑ न्यू बस स्टैंड चौंकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सम्पतराज करके मामले की सम्पूर्ण जांनकारी

जनमार्ग न्यूज

**पाली।** पाली शहर के टैगोर नगर निवासी 19 वर्षीय युवक दिपांशु शर्मा पुत्र राकेश शर्मा द्वारा पुलिस थाना कोतवाली में पिस्तौल दिखाकर स्कूटी लेकर भागने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसपर पुलिस ने डकैती की धारा में गुरुवार को अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। युवक ने रिपोर्ट में बताया कि गत शुक्रवार 27 दिसम्बर 2024 शाम के हॉन्डा एक्टीवा स्कुटी लेकर पावणा पैलेस सुमेरपुर रोड के पास वाली गली से जा रहे थे तभी हॉन्डा स्कुटी के पिछे वाले टायर में हवा कम लगी। इसलिए मैने व मेरे मित्र ने गाडी रोक कर हवा की जांच कर रहे थे तभी सामने से एक अज्ञात व्यक्ति आ रहा था। हमारे पास आकर हमारा नाम व जाति पुछी उसके पश्चात उस व्यक्ति ने मेरे व मेरे मित्र पर पिस्तौल तान दी और कहा मुझे अपनी गाडी की चाबी दे दो मुझे मेरे बन्दे छुडवाने है फिर वह बोला की कल सुबह में तुम्हारी गाडी नहर के पास छोड दुगां फिर हम घबरा गये और उस व्यक्ति को बोला की हम घर पर क्या जवाब देगे तो उसने बोला की आधे घंटे में नहर के पास तुम्हारी गाडी छोड दूंगा, फिर मेरा मित्र घबरा गया और कहा गाडी मत लो तो उस व्यक्ति ने काहा रो मत पिस्तौल तु ले ले फिर उसने बोला मेरी मुखभरी मत करना, फिर उसने कहा तुम्हारे पास जितने भी पैसे है वह निकालो हमारे पास पैसे नहीं थे उसे बोल दिया फिर उसने हमसे गाडी की चाबी मांगी तो मैने बोला गाडी की चावी गाडी मे ही है फिर वह गाडी पर बैठ गया, मेरा मित्र अमित पिछे की तरफ भागा, दो लोग बाईक पर जा रहे थे फिर मेरे मित्र अमित ने चिल्लाते हुए उन्हें मदद के लिए आवाज लगाई पर वह नहीं रुके, फिर उस अज्ञात व्यक्ति ने पुछा



यह गाडी कैसे स्टार्ट होती है, चुकिं उसके हाथ मे पिस्तोल थी मैने डर के कारण उसको गाडी चालू करके दी, वह बार बार बोल रहा था गोली मार दुगां फिर मैं भी पिछे की तरफ भागा वो अज्ञात व्यक्ति गाडी लेकर पणिहारी चौराहे की तरफ भागा, हम लोग उसके पीछे भागे पर वह नहीं रुका। फिर मैने पुलिस सहायता केन्द्र के 100 नम्बर पर कॉल किया और सम्पूर्ण घटना की जानकारी दी। उस अज्ञात व्यक्ति ने उपर ट्रेक सुट पहन रखा था और नीचे ग्रेरे कलर की पेंट पहन रखी थी वह व्यक्ति मारवाडी वह हिन्दी मे बात कर रहा था। यह उक्त बात युवक ने अपनी लिखित रिपोर्ट में बताई है। उक्त घटना की जानकारी देने के पश्चात भी मुकदमा दर्ज नहीं होने पर युवक दिपांशु शर्मा के पिता राकेश शर्मा ने अपने परिचित मित्र के पुत्र आरटीआई एक्टिविस्ट मोहम्मद फैजान को संपूर्ण मामले की जानकारी दी जिसपर आरटीआई एक्टिविस्ट ने जिले के एसपी ओर उक्त थाना क्षेत्र के थानाधिकारी को मामले की जानकारी पहुंचाई। उसके पश्चात कोतवाली थाने के थानाधिकारी किशोर सिंह भाटी ने मुकदमा दर्ज कर जांच न्यू बस स्टैंड चौंकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सम्पतराज को सौंपी है।

## शनि मंदिर में नववर्ष का भंडारा आयोजित

**हनुमानगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** मलमास के पावन पर्व पर टाउन के प्राचीन शनि मंदिर में नववर्ष का 20वां भंडारा 4 जनवरी 2025 को आयोजित किया गया है इस दिन शनि भगवान का प्रात हवन किया जाएगा और तत्पश्चात सुबह 9ः00 बजे से रात्रि 10ः00 बजे तक लगातार भंडारा चलेगा भोजराज भार्गव ने बताया कि यह भंडारा भक्तों के सहयोग से पिछले 20 वर्षों से लगातार किया जा रहा है जिसमें भक्ति जैन शामिल होकर नव वर्ष में भगवान शनि से पूरे साल कृपा दृष्टि बनाए रखने का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं 4 जनवरी 2025 को भंडारे में टाउन के प्राचीन किला रोड वाले शनि मंदिर में पहुंचे और भगवान शनि से मनवांछित फल देने का आशीर्वाद प्राप्त करें समय प्रात: 8 बजे हवन उसके पश्चात प्रात: 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन होगा।

## थानाप्रभारी ने विभिन्न यूनियनों के प्रधानों की ली बैठक

(जनमार्ग न्यूज)

**गोलूवाला।** स्थानीय पुलिस थाना परिसर में थानाप्रभारी लालबहादुर चन्द्र ने विभिन्न संगठनों की अध्यक्षों एंव सदस्यों के साथ बैठक की।बैठक में एसएचओ लालबहादुर चन्द्र ने सभी से व्यवस्था बनाने में पुलिस का सहयोग करने की अपील भी की।थानाप्रभारी ने कहा कि पुलिस नशे पर लगाम लगाने के लिये हर सम्भव प्रयास करेगी।मेडिकल स्टोर संचालकों को अनजान व्यक्ति को सिरिंज नही देने की हिदायत भी दी।इन्होंने चौकीदारी एंव कैमरों की व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की। थानाप्रभारी ने कहा कि मेनरोड पर रेहड़ी एंव अन्य सामान लगाकर अतिक्रमण करने वालो को भी हटाया जाएगा ताकि ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रहे।व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश ढाका व सचिव सन्दीप भाखर ने धानमंडी में असमाजिक तत्वों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की।मिस्त्री यूनियन के प्रधान गोविंद सिंह ने मुख्य रोड़ पर साफ सफाई ढंग से करवाने की मांग की।इस दौरान गोशाला अध्यक्ष लक्ष्मण राम छिम्पा, गुरबक्श लाल डोडा, स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष महेंद्र सोनी, लोहा यूनियन के केवल जिंदल, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष गोवर्द्धन पुरोहित, सब्जी यूनियन के गिरधारी लाल मक्कड़, मिस्त्री मार्केट के अध्यक्ष गोविंद सिंह कबुलशाह मौजूद थे।



## निरंकारी सतगुरु का नववर्ष पर खुशियों और आशीष भरा पावन संदेश

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** ''निरंकार को हर कार्य में सम्मिलित कर आध्यात्मिक जागृति और सच्ची खुशी का विस्तार संभव है।'' यह प्रेरणादायक वचन निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा नववर्ष के शुभ अवसर पर दिल्ली स्थित ग्राउंड नम्बर 8, निरंकारी चौक, बुराड़ी रोड में आयोजित विशेष सत्संग समारोह में व्यक्त किए गये। इस सत्संग में दिल्ली, एन.सी.आर. सहित विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुगण सम्मिलित हुए। सभी भक्तों ने नववर्ष के प्रथम दिन सतगुरु माताजी एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सानिध्य में उनके दिव्य दर्शन और प्रेरणादायक प्रवचनों से आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का सुखद आनंद प्राप्त किया।



सतगुरु माताजी ने अपने सम्बोधन में फरमाया कि नववर्ष केवल 2024 से 2025 का नम्बर परिवर्तन है। वास्तविकता में यह केवल इंसानी मस्तिष्क की बनाई गई अवधारणा है। निरंकार ने समय और सृष्टि को बनाया है, जिसमें अलग-अलग ग्रहों पर समय की अलग अवधारणा होती है इसलिए, नये वर्ष का अर्थ है हर क्षण को सार्थक बनाना। सच्ची खुशी और आनंद केवल निरंकार में समाहित है। इस नये वर्ष में हमें अपने जीवन को ऐसा बनाना है कि हम हर व्यक्ति तक इस सच्चाई को पहुंचा सकें। हमें अपने जीवन को इस तरह ढालना है कि हर पल, हर कार्य में निरंकार की महत्ता को समझ सकें। सेवा, सुमिरण और सत्संग का वास्तविक अर्थ तभी प्रकट होगा, जब हम इसे दिल से अपनाएंगे। केवल मित्रता या सामाजिक दबाव के कारण अपनी आध्यात्मिकता में परिवर्तन नहीं करना चाहिए। सच्चे मन और जागरूकता से ही हम अपने जीवन को निरंकार से जोड़ पाएंगे। अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए, हर कार्य में निरंकार को समाहित करना जरूरी है। यही वह मार्ग है, जो हमारे जीवन में आध्यात्मिक जागरूकता और संतोष का विस्तार करता है।

## भजन संध्या का आयोजन



**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** श्री श्याम सेवा समिति द्वारा नववर्ष के आगमन पर भजन संध्या का आयोजन श्री श्याम चौक विकास के निवास स्थान पर किया गया । इस पावन अवसर पर रामस्वरूप,बलजीत शारदा देवी,प्रेमलता हार्दिक,पवन शर्मा ने भजनों से बाबा का नव वर्ष पर गुणगान किया। ईश्वर को याद कर पूरे वर्ष सभी के कुशलता व मंगल की कामना की गई।भजन संध्या के उपरांत श्री श्याम चौक पर नव वर्ष के आगमन पर आतिशबाजी की गई व नववर्ष की सभी को शुभकामनाओं दी गई । समिति के मुख्य सेवादार विकास धेरड़ ने बताया कि कार्यक्रम में भक्तों को चाय नाश्ता व प्रसाद वितरित किया गया । इस अवसर पर महावीर गोयल,धर्मेंद्र शर्मा गोपाल शर्मा,विनोद चौधरी, गोविन्द अरोड़ा, राहुल वर्मा, हेमलता, कुसुम शर्मा, सुनीता ,रिया संगीता गेरा,मीनू चौधरी,कार्तिक,मनीष धेरड़ आदि उपस्थित रहे।

## सैनिक व अर्ध सैनिक बल संगठन ने अर्ध सैनिक बलों के लिए रेलवे स्टेशन पर विश्राम गृह की मांग

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** सैनिक व अर्ध सैनिक बल संगठन ने अर्ध सैनिक बलों के लिए रेलवे स्टेशन पर विश्रम ग्रह की व्यवस्था करने की मांग को लेकर मंडल रेल प्रबंधक के नाम का ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को दिया। भूतपूर्व सैनिक व अर्ध सैनिक बल संगठन के अध्यक्ष फौजी हरविंदर सिंह, सचिव फौजी जीडी राणा, उपाध्यक्ष कमल छेत्री के नेतृत्व मे सैनिकों के लिए विश्राम गृह की व्यवस्था करने की मांग को लेकर मंडल रेल प्रबंधक के नाम का ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक पुरुषोत्तम कुमार को देकर अवगत कराया की सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन सैनिक स्टेशन के नाम से प्रसिद्ध है, यहां से सूरतगढ़ आर्मी हेड क्वार्टर और एयर फोर्स स्टेशन, सीआरपीएफ ट्रेनिंग सेंटर, थर्मल एवं श्री सीमेंट में तैनात सीआई एस एफ सहित आसपास के क्षेत्र के सैनिक, भूतपूर्व सैनिक, अर्ध सैनिक बल काफी संख्या में देश के राज्यों से आते-जाते समय लंबी दूरी की गाड़ियां के परिचालन के समय रेलवे स्टेशन पर ठहरने की व्यवस्था नहीं होने के कारण जवानों को प्लेटफार्म पर बैठकर गाड़ी का इंतजार करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में परिवार सहित आए सैनिकों के साथ कई बार अनहोनी घटना होती रहती है। इलाके के अनूपगढ़, घड़साना, रायसिंहनगर, करणपुर, गंगानगर में बीएसएफ बटालियन और हेड क्वार्टर है, इनके जवानों को भी सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन से लंबी दूरी की गाड़ियों के इंतजार में लंबा समय स्टेशन पर बिताना पड़ता है, अर्ध सैनिक बलों की समस्या को देखते हुए सूरतगढ़ के रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण कार्य के दौरान अर्ध सैनिक बलों के जवानों के लिए एम सी ओ की तरह रेलवे स्टेशन पर एक कमरा शौचालय और स्नान घर आवंटित किया जाए ताकि सैनिकों को सुविधा मिल सके। प्रतिनिधि मंडल में राजेंद्र जाखड़, बी बी तिवारी, विक्रम सिंह, जोगिंदर सिंह, सतवीर सिंह, प्रेम कुमार, डूंगर राम, संकल्प जाखड़ , राधेश्याम सहित मौजूद रहे।



## सवामणी तैयार कर गौवंश को खिलाई




**सूरतगढ़।** श्री माहेश्वरी महिला मंडल ने नववर्ष पर सेवा कार्य करते हुए श्री गोपाल गोशाला में दलिया सवामणी तैयार कर गौवंश को खिलाई गई। साथ ही गोशाला में कार्य करने वालों को सर्दी में कंबल वितरित किए गए। प्रवक्ता रेखा सारड़ा ने बताया कि संस्था की ओर विशेष अवसरों को सेवा कार्य के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर श्री माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष मधु मूंदड़ा, उपाध्यक्ष शशि मूंदड़ा, सचिव अनुजा सारड़ा, संरक्षक कृष्णा कोठारी, सदस्य सुनीता मूंदड़ा, वंदना लाहोटी आदि उपस्थित थे। अध्यक्ष मधु मूंदड़ा ने कहा कि मानव व गोवंश की सेवा पुण्य का कार्य है। नववर्ष पर इस तरह के सेवा कार्य से आत्मसंतुष्टि व अन्य लोगों को भी सेवा कार्य के लिए प्ररेणा मिलती है।

## अपना घर आश्रम का जिला कलेक्टर तथा अति. जिला कलेक्टर ने किया अवलोकन

### नववर्ष पर प्रभुजनों को फलों का किया वितरण

**श्रीगंगानगर।** अपना घर आश्रम, पठानवाला, श्रीगंगानगर में नववर्ष पर जिला कलेक्टर डॉ. मंजू तथा अति. जिला कलेक्टर रीना छिम्पा पधारे तथा अपना घर आश्रम की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। सर्वप्रथम अध्यक्ष राजेश जैन, राजेन्द्र प्रसाद लोहिया, अर्जुन वधवा, जगीर फरमा, सुरेन्द्र बिश्नोई, पदम प्रकाश, भागीरथ वर्मा आदि सेवाभावी सदस्यों द्वारा जिला कलेक्टर डॉ. मंजू तथा अति. जिला कलेक्टर रीना छिम्पा का स्वागत-अभिनंदन किया गया तथा उन्हें अपना घर आश्रम की कार्यप्रणाली एवं प्रभुजनों के लिए की जा रही उत्तम सेवा व्यवस्थाओं की जानकारी दी, जिसकी उन्होंने सराहना की। अपना घर आश्रम के जगीरचंद फरमा ने बताया कि इस मौके पर जिला कलेक्टर डॉ. मंजू तथा अति. जिला कलेक्टर रीना छिम्पा ने नववर्ष पर प्रभुजनों को फलों का वितरण किया तथा उनका हाल-चाल जाना व शीघ्र परिजनों से मिलने की कामना की। कार्यक्रम के अंत में अपना घर आश्रम द्वारा जिला कलेक्टर डॉ. मंजू तथा अति. जिला कलेक्टर रीना छिम्पा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर अपना घर आश्रम सेवाभावी सदस्य एवं प्रभुजन उपस्थित थे।



## श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण की बाललीलाओं का मनमोहक वर्णन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ।** गुरुवार को श्रीगौशाला समिति में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा और ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की अद्भुत बाललीलाओं का आनंद लिया। कथा वाचक पूज्य श्री मुरलीधर जी माधव ने कथा के माध्यम से भगवान के बाल स्वरूप के विभिन्न प्रसंगों का मार्मिक और रोचक वर्णन किया। उन्होंने नंदगांव में माखन चोरी, ग्वालबालों के साथ की गई लीलाएं और पूतना वध जैसे घटनाओं को विस्तार से समझाया।

कथा की शुरुआत विपिन गोयल ने अपने परिवार सहित विधिवत पूजा-अर्चना और हवन के साथ की। श्रद्धालुओं ने इस दौरान भक्तिपूर्ण वातावरण में मंत्रोच्चार का अनुभव किया। आयोजन स्थल को सुंदर फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था, जो श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति प्रदान कर रहा था।

आयोजन समिति के सदस्य सज्जन बंसल डिंगवाल और लोकेश बंसल डिंगवाला ने सायंकालीन महाआरती का आयोजन किया। महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और दीप प्रज्वलन कर भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। कथा में प्रतिदिन बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या ने आयोजकों का उत्साह दोगुना कर दिया है। श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना और श्रीकृष्ण के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना है। द्ध1

## राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील जिला कार्यकरिणी की बैठक आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील जिला कार्यकरिणी की बैठक लालगढ़ में सिटी रिसॉर्ट में जिलाध्यक्ष गुरदास वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें 17-18 जनवरी 2025 को हनुमानगढ़ जिले के नोहर में स्थित रामा पैलेस में आयोजित होने जा रहा संगठन के प्रांतीय सम्मेलन में 400 की सहभागिता का लक्ष्य तय किया गया और व्यवस्थाओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में राज्य सरकार द्वारा शिक्षकों के स्थानांतरण न खोलने तथा उप प्रधानाचार्य के पद समाप्त करने पर रोष व्यक्त किया गया। कुक कम हेल्पर का मानदेय बढ़ाने, डीपीसी पदस्थापन में समस्त पद खोलने, व नव क्रमोन्नत विद्यालयो में व्याख्याताओं और वरिष्ठ अध्यापक के आईएमएफएस पर पद सृजित करने की मांग का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में पूर्व मुख्य महामंत्री अभिमन्यु सिंह भदौरिया,प्रधानाचार्य ओम प्रकाश , जिला मंत्री आकाशदीप बिश्नोई, कोषाध्यक्ष मदन वर्मा, सतपाल बिश्नोई, आत्माराम गोदारा, कृष्ण पूनिया, पदमपुर मंत्री राजीव बिश्नोई, श्याम सुंदर बजाज, सूरतगढ़ उपशाखा अध्यक्ष विनोद सहारण, सूरतगढ़ मंत्री दिनेश कुमार, मुकेश किरोड़ीवाल, सादुलशहर ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश प्रसाद, सिकंदर सिंह मान, रवि कुमार गोदारा, संदीप कुमार, इंद्राज घिंटाला, संजय सिंह भाटी, बहादुर राम आदि शिक्षकों ने भाग लिया।



# जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम जारी

जनमार्ग न्यूज

**सादुलशहर।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय राजस्थान सरकार द्वारा परवाह थीम के तहत जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है। जिसके तहत आज दिनांक 3 जनवरी 2025 को जिला परिवहन कार्यालय सादुलशहर द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु अतिक्रमण हटाने के लिए आयोजन किया गया। जिसके तहत संगरिया चौक से लेकर पतली तिराहा तक सड़क का निरीक्षण किया गया। जिसमें रोड़ की कमियों को नोट किया गया। निरीक्षण के तहत उपखंड अधिकारी रवि कुमार नंदीवाल एवं विपिन कुमार खरोड़ जिला परिवहन अधिकारी द्वारा सड़क पर स्थित होटल मालिकों को गाड़ी पार्किंग हेतु व्यवस्था करने के लिए पाबंद किया गया। इसके साथ-साथ सड़क पर दुर्घटना क्षेत्र को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को सड़क दूरस्तीकरण हेतु पाबंद किया गया। इस निरीक्षण के तहत उपखंड अधिकारी द्वारा वाहनों पर रेड टेप लगाई गई। उक्त निरीक्षण में तहसीलदार श्रीमती रजनी चौधरी, नायब तहसीलदार मुकुल टाक, सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता नितेश कुमार बुडानिया, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज सोमानी एवं लक्ष्य परिहार, स्टेट हाईवे के प्रोजेक्ट टीम के सदस्य देवेंद्र कुमार इत्यादि मौजूद थे।



# हरियाणा में एसीबी ने रिश्वत लेते पकड़े 3 अधिकारी

## सेवादार भी हुआ गिरफ्तार, डिपो संचालकों से कर रहे थे वसूली; सब इंस्पेक्टर को 1 लाख के साथ पकड़ा

जनमार्ग न्यूज

**नूंह।** हरियाणा में एंटी करप्शन ब्यूरो ने आज दो अलग-अलग जगहों से 4 लोगों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। पहला मामला हरियाणा के करनाल का है जहां पर एसीबी ने सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक के साथ साथ रिटायर हो चुके सेवादार को रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया है। इन तीनों पर आरोप लगाए गए थे की ये डिपो होल्डरों से 20 रू प्रति क्विंटल के हिसाब से अवैध उगाही करते हैं। टीम ने आज प्लान बनाकर इन तीनों को पकड़ लिया है। वहीं दूसरा मामला नूंह का है जहां पर टीम ने आर्थिक अपराध शाखा के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर यशपाल को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। स्ढ्ढ यशपाल गुरुग्राम के राजीव चौक पर रिश्वत की रकम लेने के लिए पहुंचा था। एसीबी प्रवक्ता के मुताबिक स्ढ्ढ यशपाल ने एफआईआर से नाम हटाने के बदले यह रिश्वत मांगी थी। जिसकी शिकायत मिलने के बाद उन्होंने ट्रैप लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। जांच में यह भी पता चला कि वह शिकायत करने वालों से 8 लाख रुपए पहले भी ले चुका है।

# शिक्षा विभाग में स्थानांतरण नीति पर भेदभाव, शिक्षक संघ ने जताया रोष

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ ने राज्य सरकार द्वारा स्थानांतरण पर लगाए गए प्रतिबंध को अन्य विभागों के लिए हटाने, लेकिन शिक्षा विभाग को इससे बाहर रखने पर नाराजगी जताई। ज्ञापन में बताया गया कि 1 जनवरी से 10 जनवरी के बीच स्थानांतरण पर लगी रोक को सभी विभागों के लिए हटाया गया है, सिवाय शिक्षा विभाग के। मुख्य वक्ता संजय कुमार शर्मा ने कहा की सरकार शिक्षकों के साथ भी अन्य कार्मिकों की तरह व्यवहार करते हुए स्थानांतरण में सदभावना पूर्वक विचार करते हुए छूट दे। संघ ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार का यह निर्णय लाखों शिक्षकों के साथ भेदभावपूर्ण है और इससे सरकार की शिक्षा के प्रति नकारात्मक सोच उजागर होती है। संघ के कार्यकर्ताओं ने बताया कि राजस्थान में सबसे अधिक कार्मिक शिक्षा विभाग में हैं, फिर भी इस सबसे बड़े विभाग को बार-बार उपेक्षित किया जा रहा है। संघ के अनुसार, राज्य सरकार ने अपने गठन के बाद अन्य विभागों में दो बार स्थानांतरण किए हैं, लेकिन शिक्षा विभाग के शिक्षकों की लगातार अनदेखी की जा रही है। इससे शिक्षकों के मनोबल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और शिक्षा विभाग में भारी आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में संघ ने मांग की है कि अन्य विभागों की तरह शिक्षा विभाग को भी स्थानांतरण छूट में शामिल किया जाए। संघ ने सरकार से समस्त संवर्गों के स्थानांतरण सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है ताकि शिक्षकों के साथ न्याय हो सके और उनके हितों की रक्षा हो सके।



सरकार के इस निर्णय से शिक्षकों में गहरी नाराजगी है। संघ ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया, तो वह आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। इस ज्ञापन के माध्यम से शिक्षक संघ ने सरकार से शिक्षा विभाग के प्रति संवेदनशीलता दिखाने और शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने की अपील की है।इस मौके पर प्रधानाचार्य लखविंदर कौर, जिला महिला मंत्री ममता कौशिक, उपशाखा अध्यक्ष शौकत अली, जगदीश चंद्र गोदारा, गौरी शंकर सुथार, हरीश गर्ग, बंशीधर, पवन बजाज, केवलकृष्ण गिल्होत्रा, धर्मेंद्र भदरा, वरुण तिवाडी, उदयवीर, अश्वनी शर्मा ,अनिल महर्षि ,मानवेंद्र सिंह भादू, संजय कुमार शर्मा, कमलेश बिश्नोई सहित अन्य संघ के सदस्य मौजूद थे।

# ट्राले की टक्कर से युवक की मौत

## मृतक एक बच्चे का पिता

**फाजिल्का (जनमार्ग न्यूज)।** फाजिल्का में गेहूं को पानी लगाकर वापिस लौट रहे बाइक सवार को मिट्टी से भरे ट्रैक्टर ट्राले ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जिसके शव को पोस्टमार्टम के लिए फाजिल्का के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया और सूचना पुलिस को दी गई है। गांव निवासी गुरबख्श सिंह ने बताया कि वह गांव मीनिया वाला के रहने वाले है। हादसा गांव खुड़नज के पास हुआ। जिसमें खेत को पानी लगाकर वापिस लौट रहे बाइक सवार युवक बलविंदर सिंह को मिट्टी से भरे ट्रैक्टर ट्राले ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी गर्दन का मनका टूट गया और मौके पर उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक की उम्र करीब 25 वर्ष है। जिसकी पत्नी की भी पहले मौत हो चुकी है। अब पीछे वह एक बच्चा छोड़ गया है।

# सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद को जहर देकर मारने की कोशिश

जनमार्ग न्यूज

**दमिश्क।** सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद को जहर देकर जान से मारने की कोशिश की गई है। ब्रिटिश अखबार द सन ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। असद के मारने का प्रयास रूस की राजधानी मॉस्को में किया गया, जहां वे 8 अगस्त को सीरिया से भागने के बाद रह रहे हैं। रूसी ऑनलाइन अकाउंट जनरल एसवीआर के अनुसार, असद बीते रविवार को अचानक बीमार पड़ गए। माना जाता है कि ये अकाउंट रूस के एक पूर्व जासूस का है। कथित तौर पर असद ने मेडिकल सहायता की मांग की और फिर उन्हें तेज खांसी और घुटन होने लगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि %यह मानने का पर्याप्त कारण है कि हत्या का प्रयास किया गया था।% बताया गया कि असद का उनके अपार्टमेंट ही इलाज किया गया और सोमवार को उनकी हालत स्थिर हो गई। जांच रिपोर्ट में असद के शरीर में जहर पाए जाने की बात कही गई है। हालांकि, इस बारे में किसी स्रोत का हवाला नहीं दिया गया और रूस की ओर से भी कोई पुष्टि नहीं की गई है।



पिछले महीने ही यह खुलासा हुआ था कि अल-असद की पत्नी अस्मा को ब्रिटेन लौटने से प्रभावी रूप से रोक दिया गया था। 49 वर्षीय अस्मा लंदन में पैदा हुई थीं, लेकिन पासपोर्ट की अवधि खत्म होने के चलते घर वापस नहीं लौट पाएंगी। असद, पत्नी अस्मा समेत उनका परिवार मॉस्को में रह रहा है। इसके पहले पिछले साल सीरिया में 24 साल के असद के शासन का अंत हो गया जब 8 दिसम्बर को इस्लामिक विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया। विद्रोहियों के कब्जे के दो दिनों बाद असद के मॉस्को में शरण लेने की जानकारी सामने आई। असद को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शरण दी है, जो एक दशक तक चले सीरियाई गृहयुद्ध में असद के प्रमुख सहयोगी रहे थे। सीरिया में असद का पतन रूस के लिए बड़ा झटका माना जाता है।

# खड़े कंटेनर से टकराई पिकअप,दो की मौत

**अलीगढ़।** टप्पल में यमुना एक्सप्रेसवे के 44 किलोमीटर प्वाइंट पर खड़े कंटेनर में मैक्स पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में मैक्स पिकअप चालक समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस ने युवकों के पास से मिली आइडी के आधार पर सौरभ निवासी ग्राम विचोली, कासगंज (मैक्स चालक) व सुभाष निवासी भरतपुर, राजस्थान (मैक्स मालिक) के रूप में पहचान की। घटना की सूचना मृतकों के स्वजनों को दे दी गई है। बताया जा रहा है कि मैक्स पिकअप भरतपुर से कार्बन पेपर लेकर देहरादून जा रही थी।



# मार्क्सवादी जिला कमेटी की बैठक आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** आज भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की जिला कमेटी की बैठक कामरेड आत्मा सिंह की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में संपन्न हुई इस अवसर पर पर्यवेक्षक के रूप में राज्य सचिव मंडल के सदस्य कामरेड दुर्गा स्वामी उपस्थित थे आज की बैठक में निर्णय लिया गया कि फरवरी माह में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के जिला कार्यालय का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा केंद्र व राज्य सरकार की किसान मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ जन जागृति अभियान चलाते हुए विरोध प्रदर्शन जारी रखा जाएगा साथ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब के बारे में एम मर्यादित टिप्पणी की निंदा की गई रेलवे के निजीकरण के खिलाफ जंग जागृति अभियान 15 जनवरी से शुरू कर फरवरी माह में रेलवे स्टेशनों पर प्रदर्शन किए जाएंगे व मांग की जाएगी की रेलवे का निजीकरण बंद किया जाए बैठक में विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर जो लगाने का कार्यक्रम सरकार बना रही है इसका व्यापक विरोध किया जाएगा बिजली के कर्मचारी आंदोलन का समर्थन किया गया राज्य सचिव मंडल के सदस्य रामेश्वर वर्मा ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा किसानों की अनदेखी और जन विरोधी निर्णय के खिलाफ संगठित होकर संघर्ष करने का बैठक में आह्वान किया राज्य सचिव मंडल के सदस्य व पर्यवेक्षक दुर्गा स्वामी ने कहा कि पर्ची वाली सरकार से सभी वर्ग परेशान है ना युवाओं की महिलाओं की दलित की अल्पसंख्यक पर हमले बढ़ रहे हैं ऐसी सूरत में कम्युनिस्ट पार्टी कार्यकर्ता को ही जनता के बीच में जाकर उनके मुद्दों पर संगठित करके संघर्ष करें जिला महासचिव पूर्व विधायक बलवान पूनिया ने कहा कि पूरे जिले का किसान बिजली पानी बीमा क्लेम एमएसपी के लिए लड़ रहा है लेकिन सरकार को चिंता नहीं है यही कारण है कि आज पूरे जिले भर में लगातार किसानों के प्रदर्शन धरने बढ़ते जा रहे हैं आज की बैठक में रघुवीर वर्मा आत्मा सिंह शेर सिंह मनीराम मेघवाल चंद्रकला वर्मा मंगेश चौधरी गोपाल बिश्नोई बहादुर सिंह चौहान सरबजीत कौर रोहतास सोलंकी बसंत सिंह जगजीत सिंह जग्गी सुरेंद्र सोनी सरजीत बेनीवाल आदि उपस्थित थे प्रेस विज्ञप्ति जारी करता रघुवीर सिंह वर्मा जिला सचिव मंडल सदस्य हनुमानगढ़।

# फाजिल्का में 30 रुपए के लिए युवक का सिर फोड़ा

जनमार्ग न्यूज

**फाजिल्का।** फाजिल्का में 30 रुपए को लेकर विवाद होने का मामला सामने आया है। गलती से गूगल पे पर आए 30 रुपए को लेकर पहले फोन पर युवक के साथ बहस हुई और बात गाली गलौज तक पहुंचा। जिसके बाद आरोपी ने युवक के साथ झगड़ा कर उसे घायल कर दिया। जिसे इलाज के लिए सरकारी हॉस्पिटल में दाखिल करवाया गया है और मामले की सूचना पुलिस को दी जा रही है द्य जानकारी देते हुए जख्मी युवक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वह गांव शतीरवाला का रहने वाला है। किसी युवक ने गलती से 30 रुपए उन्हें गूगल पे कर दिए, जिसके बाद इसको फोन आया और फोन पर उसके साथ बहस हो गई। दोनों के बीच बहस होने के बाद मामला गाली-गलौज तक पहुंचा, फिर वह अपने गांव घर पहुंचा तो उक्त लोगों ने उसे घेर लिया और उसके सिर में लोहे के कड़े मार उसे जख्मी कर दिया। घटना स्थल पर मौके पर पहुंचे युवक के परिजनों ने उसे आरोपियों से छुड़ाया और हॉस्पिटल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मेडिकल रिपोर्ट बनाने के बाद युवक का इलाज शुरू कर दिया। वहीं पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# चाय बनाने से मना किया तो कुल्हाड़ी से काट डाला

जनमार्ग न्यूज

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद में चाय बनाने को लेकर हुए विवाद में पति ने पत्नी कुल्हाड़ी से काट दिया। मामला कंवर चौकी क्षेत्र के ग्राम सांगली का है। परिजन घायल महिला को जिला अस्पताल धमतरी लेकर आए, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मृतका का नाम ईश्वरी साहू (35) बताया जा रहा है, वहीं आरोपी पति का नाम केवल साहू (40) है। उनके 2 बच्चे एक लड़का और एक लड़की है। लड़का 6वीं क्लास में पढ़ता है और लड़की चौथी कक्षा में पढ़ती है। घटना के बाद आरोपी खुद थाने पहुंचा और सरेंडर कर दिया। मृतका ईश्वरी साहू की मां सरस्वती साहू ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि केवल साहू ने पत्नी ईश्वरी साहू को चाय बनाने बोला, ईश्वरी साहू रसोई अंदर गई तो पति केवल साहू ने रसोई का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया। दोनों बच्चे दरवाजा खटखटाते रहे। दरवाजा खोलने की कोशिश भी की। इसके बाद भी दरवाजा नहीं खुला। ईश्वरी साहू रसोई के अंदर चिल्लाती रही। केवल साहू पत्नी के ऊपर टंगिया से जानलेवा हमला कर दिया।

# श्री सुंदरकांड मित्र मंडल ने बेसहारा गौसेवा के लिए बढ़ाया हाथ

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** गुरुवार को स्थानीय समाजसेवी संस्था श्री सुंदरकांड मित्र मंडल ने प्राचीन हनुमानगढ़ टाउन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक सराहनीय पहल की। मंडल के सदस्यों ने नंदी गौ सेवा समिति कोहला फार्म में बेसहारा गायों की सेवा के लिए आवश्यक सामग्री और आर्थिक सहायता प्रदान की। मंडल के सदस्य जयचंद लाहोटी ने बताया कि सेवा कार्य के दौरान 11 क्विंटल हरा चारा, 81 किलो गु? और 25,000 रूपये की नगद राशि समिति के पदाधिकारियों को भेंट की गई। इस दान का उद्देश्य बेसहारा गायों की देखभाल और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करना है। श्री सुंदरकांड मित्र मंडल पिछले 25 वर्षों से नियमित रूप से हर रविवार को शहर के विभिन्न घरों में श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन करता आ रहा है। इस पाठ के दौरान मिलने वाले सभी चढ़ावे को गौसेवा जैसे पुनीत कार्यों में लगाया जाता है। मंडल का उद्देश्य न केवल आध्यात्मिकता का प्रचार करना है, बल्कि समाज में सेवा भाव को बढ़ावा देना भी है। मंडल ने अपनी इस उपलब्धि के लिए श्री सालासर बालाजी और गौमाता की कृपा का धन्यवाद दिया। साथ ही, हनुमानगढ़ के नागरिकों के अपार सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। शहरवासियों के योगदान ने इस सेवा कार्य को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।मंडल का यह सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है और यह दिखाता है कि किस प्रकार आध्यात्मिकता और सेवा को मिलाकर समाज के हित में काम किया जा सकता है। गौसेवा के प्रति मंडल की यह प्रतिबद्धता न केवल समाज के लिए एक आदर्श प्रस्तुत करती है, बल्कि यह दर्शाती है कि अगर हम सब मिलकर काम करें, तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इस अवसर पर नंदी गौ सेवा समिति कोहला के पदाधिकारियों ने मंडल की इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्यों के लिए मंडल से सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। श्री सुंदरकांड मित्र मंडल ने प्राचीन का यह प्रयास समाज में गौ सेवा और परोपकार की भावना को प्रोत्साहित करता है और अन्य संगठनों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता है।



# ओवरलोड ट्रक का डीजल टैंक फटा

**सोहना (जनमार्ग न्यूज)।** हरियाणा के गुरुग्राम में चलते ट्रक में आग लग गई। जिससे उसका डीजल टैंक फट गया। इससे वहां जोरदार धमाका हुआ, जिससे हाईवे पर चल रही गाड़ियां एकदम से रुक गईं। वहीं ट्रक में जब आग लगी तो ड्राइवर और हेल्पर ने नीचे कूदकर जान बचाई। यह ट्रक मदर से लदा हुआ था। आग लगने के बाद मटर भी हाईवे पर बिखर गईं। आग लगने के बारे में ड्राइवर और हेल्पर ने पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड ने वहां पहुंचकर करीब 1 घंटे में आग पर काबू पा लिया। ट्रक में आग हाईवे की हाई स्पीड लेन में लगी थी, इसलिए इसके पीछे काफी लंबा जाम भी लगा। हालांकि, पुलिस ने पहुंचकर जल्दी ही यातायात को सुचारू करवा दिया। हादसा गुरुवार रात करीब साढ़े 9 बजे सामने आया। ट्रक के ड्राइवर खालिद ने बताया है कि वह मध्य प्रदेश के जिले रतलाम से गाड़ी में हरी मटर भरकर ला रहा था। उसे इस मटर को दिल्ली की आजादपुर मंडी में पहुंचाना था। गुरुवार रात करीब साढ़े 9 बजे जब उसका ट्रक गुरुग्राम के सोहना में गांव अलीपुर के पास पहुंचा तो केबिन में थोड़ी हीट महसूस हुई। इसके बाद भी ट्रक चलता रहा। कुछ ही देर में चलते ट्रक में आग लग गई। खालिद का कहना है कि आग लगी देखकर वह और उसका हेल्पर इरशाद ट्रक को वहीं पर खड़ा कर कूद गए।

# ओडिशा बॉर्डर पर मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

### डीआरजी और एसटीएफ के 300 जवानों ने घेरा; शव और ऑटोमैटिक हथियार बरामद

जनमार्ग न्यूज



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के नक्सल प्रभावित सोरनामाल जंगल में सुरक्षाबलों ने 3 नक्सलियों को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) और एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) की टीम ने नक्सलियों को घेरा है। छत्तीसगढ़ और ओडिशा दोनों राज्यों के करीब 300 जवान मौके पर मौजूद हैं।

ओडिशा के नवरंगपुर की ओर से भी जवानों ने घेराबंदी की थी, जिससे नक्सलियों को भागने का मौका नहीं मिला। सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद तीन नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा ने इसकी पुष्टि की है। इस कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने कई ऑटोमैटिक हथियार भी जब्त किए हैं। मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है। हालांकि शुरुआती जानकारी के मुताबिक, ये नक्सली बस्तर से भागकर इस क्षेत्र में सक्रिय थे। मुठभेड़ के साथ सर्चिंग ऑपरेशन अभी जारी है। आसपास के इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि इस अभियान से इलाके में नक्सली गतिविधियों पर लगाम लगाने में बड़ी मदद मिलेगी।

# राम रहीम की फिर बढ़ी मुश्किलें, 23 साल पुराने मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट ने भेजा नोटिस

जनमार्ग न्यूज



**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम की एक बार फिर मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। साल 2002 में रणजीत सिंह हत्या मामले में राम रहीम की बेल के खिलाफ सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दर्ज करवाई है। जिसके बाद अदालत ने नोटिस जारी किया है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह और चार अन्य से सीबीआई की अपील पर जवाब मांगा। इस अपील में साल 2002 के हत्या मामले में उन्हें बरी किए जाने के खिलाफ अपील की गई थी। देश के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने मामले में बरी किए गए लोगों से जवाब मांगते हुए नोटिस जारी किए। बता दें कि सीबीआई ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा 28 मई, 2024 को पारित आदेश को चुनौती दी है, जिसमें सिंह और चार अन्य को संप्रदाय के पूर्व प्रबंधक रणजीत सिंह की हत्या के मामले में बरी किया गया था।

**क्या था मामला**

गुरमीत राम रहीम सहित पांच लोगों पर आरोप था कि उन्होंने 10 जुलाई, 2002 को रणजीत की उस समय हत्या करवाई थी जब वह अपने गांव के नजदीक शाम के समय खेत में काम कर रहे थे। पुलिस ने मामले में जांच करते हुए सभी आरोपियों को क्लीन चिट दे दी थी। रणजीत डेरा सच्चा सौदा के पूर्व सदस्य और मैनेजर रहे हैं। इस मर्डर केस में डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम व अन्य दोषियों को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा बरी कर दिया गया था।

**हाई कोर्ट ने दी थी राहत**

इस हत्याकांड में पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट ने पिछले साल 2024 के मई माह में विशेष सीबीआई अदालत द्वारा दिए गए फैसले को रद्द कर दिया और राम रहीम सहित चार अन्य को बरी कर दिया था। इससे पहले पंचकूला की विशेष अदालत ने पहले इस मामले में सजा का एलान किया था, जिसे बाद में हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी।

इससे पहले पंचकूला की अदालत ने हत्या मामले में पंचकूला सीबीआई की विशेष अदालत डेरा सच्चा सौदा के गुरमीत राम रहीम सिंह समेत पांच लोगों को सजा सुनाई थी। राम रहीम समेत सभी आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। इसके अलावा 31 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था। आपको बता दें कि इस समय गुरमीत राम रहीम साध्वी यौन मामले में रोहतक की सुनारिया जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है।

# श्याम महोत्सव का आयोजन 5 तक

**हनुमानगढ़( जनमार्ग न्यूज )** । जय श्री श्याम परिवार कला मंडल प्रबंध समिति रजिस्टर्ड हनुमानगढ़ द्वारा 19 वां श्याम महोत्सव का आयोजन 2 जनवरी से 5 जनवरी 2025 को किया जा रहा है। जिसके तहत आज श्रीश्याम महोत्सव का आगाज गुरूवार को भव्य विशाल शोभायात्रा के साथ हुआ। श्री श्याम महोत्सव के पहले दिन बाबा की शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि विधायक गणेशराज बंसल,पूर्व सभापति सुमित रणवां,पार्षद अर्चित अग्रवाल,बालकृष्ण गोल्याण, राजेश सिंगला ने पहुंचकर हरि झंडी दी। जिसके पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली गई,समस्त श्रद्धालुओं द्वारा विधिवत पूजा अर्चना व आरती के पश्चात शोभायात्रा टाउन लक्ष्मीनारायण मन्दिर से शुरू की गई। शोभायात्रा का जगह जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। शोभायात्रा में रथ पर श्री श्याम प्रभु की झांकी विराजमान थी। डीजे और बैंड बाजे की धुन पर श्रद्धालु झुमते हुए व रथ के आगे निशान लिए महिलाओं की टोली जिसके पीछे पीछे सिर पर कलश धारण करे महिलाएं जिस मार्ग से गुजरी, लोग देखते रह गए। शोभायात्रा में विशेष आकर्षण का केन्द्र फूलों की होली, आकर्षक झांकियां व नयना भिराम दर्शन रहे। बाबा का आकर्षक श्रृंगार दिनेश शर्मा एंड ग्रुप ने किया। शोभायात्रा शहर के मुख्य मुख्य मार्गो से निकलते हुए पूरानी नगरपालिका चौतीना कुआ हनुमान मंदिर में संपन्न हुई। आयोजन समिति के प्रधान विनोद तलवाडिया ने बताया कि श्याम महोत्सव में 2 जनवरी से 5 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है। उन्होने बताया कि 3 जनवरी 2025 शुक्रवार को विशाल जागरण रात्रि 9:15 बजे से प्रभु इच्छा तक होगा जिसमें खादू श्याम का भव्य दरबार, आकर्षक श्रृगांर व छप्पन भोग रॉयल पैराडाइज हनुमानगढ़ टाउन में होगा जिसमें बाबा का गुणगान जय श्री श्याम परिवार कला मण्डल के सदस्य करेगे व 4 जनवरी 2025 शनिवार सांय 5ः15 नान्ही बाई का मायरा व 5 जनवरी 2025 रविवार को अखण्ड ज्योति पाठ प्राःत 10:15 बजे से होगा जिसे पाठ वाचक संदीप सुलतानिया कोलकाता द्वारा किया जाएगा । श्री श्याम अखंड पाठ में कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा नृत्य नाटिका के माध्यम से नान्ही बाई का मायरा व श्री श्याम बाबा के जन्मोत्सव से लेकर शीश के दान तक की अलौकिक झांकियां व भक्तों की धमाल पर अनूठा संगम होगा । इस मौके पर संरक्षक राजेश सेतिया व पवन बंसल, अध्यक्ष विनोद तलवाडिया, उपाध्यक्ष सुभाष स्वामी, सचिव तरूण सारण, सहसचिव गौरव बजाज, कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रचार मंत्री सुभाष स्वामी मामा, कार्यकारिणी सदस्य संजय मित्तल, महेश सारडा, मनोज गढीवाल, प्रहलाद, विकास मोदी, संदीप बवेजा, शंकर गुप्ता, पीयूष, जतिन, अंशुल नागपाल, मुकेश बालासरिया, माणिक जैन, राकेश कंदोई, भवानी चाचाण, मोहनलाल, मनोज शर्मा, चंद्र, बबलू, अंकित कंदोई, श्याम छाबड़ा, छोटू, पवन मिड्ढा, गजानंद मुंडावाला, किशन गोयल, मनमोहन, श्वेता तलवाड़ीया, किरण बजाज, दर्शना देवी, रेखा बंसल,नीतू छाबड़ा, सुनीता शर्मा, प्रियंका, रिंकू वर्मा, नीतू छाबड़ा आदि उपस्थित थे।

# आईएएस संजय प्रसाद 9 महीने बाद फिर प्रमुख सचिव गृह

**नई दिल्ली ( जनमार्ग न्यूज )।** योगी सरकार ने नए साल के अगले ही दिन गुरुवार, (2 जनवरी) की देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया। विशेष सचिव से लेकर अपर मुख्य सचिव स्तर के 46 अफसरों के ट्रांसफर किए गए हैं। मुख्यमंत्री और सूचना विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद को एक बार फिर गृह विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। 9 महीने पहले लोकसभा चुनाव के बीच चुनाव आयोग की आपत्ति के बाद उन्हें हटा दिया गया था। संजय प्रसाद से गृह विभाग लेकर वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार को दिया गया था। 1995 बैच के आईएएस संजय प्रसाद को योगी का भरोसेमंद अफसर माना जाता है।

# फाजिल्का में दामाद ने ससुर को ट्रैक्टर से कुचला

### टूटा पैर, हिसाब मांगने पर हुआ विवाद, 2 साल पहले खरीदकर दिया था

**फाजिल्का।** पंजाब के फाजिल्का जिले में पारिवारिक झगड़े में व्यक्ति के ऊपर उसके दामाद ने ट्रैक्टर चढ़ाने का मामला सामने आया है। जिससे व्यक्ति का एक पैर टूट गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान सदर थाना क्षेत्र के गांव मियानी बस्ती के रहने वाले मंजीत के रूप में हुई है। अस्पताल में भर्ती मंजीत अपने दामाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



**दामाद ने ससुर पर चढ़ाया ट्रैक्टर**

फाजिल्का के सरकारी अस्पताल में भर्ती घायल व्यक्ति मंजीत सिंह ने बताया कि उसके दामाद ने उन पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया द्य जिस वजह से उसका पैर टूट गया है द्य जिसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है द्य उक्त व्यक्ति का आरोप है कि करीब 2 वर्ष पहले उनके द्वारा अपने दामाद को ट्रैक्टर ट्राली लेकर दिया गया था द्य ताकि वह उसे चलाकर कारोबार कर सके और दो वक्त की रोटी कमा कर खा सके।

**हिसाब मांगने को लेकर हुआ विवादःङ** अब उनके द्वारा उससे हिसाब किताब मांगा गया। जिससे अब उन्हें भी कुछ खर्चा पानी दिया जाए द्य जिसे देने के लिए उसके दामाद ने इनकार कर दिया और उनका ट्रैक्टर ट्राली लेकर जाने लगा तो उन्हें उन्होंने रोकने की कोशिश की। तभी उसने मेरे ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया द्य फिलहाल डॉक्टरों द्वारा पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई है द्य मंजीत ने अपने दामाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# तत्कालीन हेल्थ मिनिस्टर की सिफारिश पर मिली थी नौकरी

जनमार्ग न्यूज

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के धनकुबेर सौरभ शर्मा को लेकर हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं। शुक्रवार को एक आरटीआई एक्टिविस्ट ने इस मामले में बड़ा खुलासा किया है। आरटीआई एक्टिविस्ट संकेत साहू ने किया एक लेटर जारी किया है। इस लेटर नें इस बात का खुलासा किया गया है कि 2016 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री नरोत्तम मिश्रा के लेटर हैड पर सौरभ शर्मा की अनुकंपा नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गई थी। संकेत साहू ने इसे लेकर लोकायुक्त से शिकायत की।



**पूर्व मंत्री के लेटर हेड में यह लिखा**

आरटीआई एक्टिविस्ट साहू ने दावा किया है कि तत्कालीन मंत्री ने 12 अप्रैल, 2016 को यह लेटर लिखा था। इसमें लिखा है कि सौरभ शर्मा पुत्र स्व. राकेश कुमार शर्मा निवासी 47 विनय नगर सेक्टर-2 ग्वालियर के पिता का डॉ. राकेश शर्मा जो कि डीआरपी लाइन चिकित्सालय में पदस्थ थे। जिनका 20 नवंबर 2015 को सेवा के दौरान निधन हो गया। जिले में तृतीय श्रेणी के किसी भी पद पर या संगणक रिक्त पद पर योग्यता अनुसार अनुकंपा नियुक्ति दी जाए।

**नरोत्तम मिश्रा के क्षेत्र में हुई थी पहली नियुक्ति**

इसके बाद सौरभ शर्मा की पहली नियुक्ति नरोत्तम मिश्रा के विधानसभा क्षेत्र में ही हुई थी। सौरभ शर्मा की नियुक्ति नरोत्तम मिश्रा के विधानसभा क्षेत्र दतिया के सिकंदरा और चिरौला चेक पोस्ट से हुई थी। यहां बड़ी मात्रा में अवैध वसूली के भी मामले सामने आ चुके हैं। आरटीआई एक्टिविस्ट संकेत साहू ने बताया कि उनके द्वारा निकाली गई जानकारी में कई खुलासे हुए हैं। जिसमें बताया गया है कि तत्कालीन सीएमएचओ द्वारा सौरभ शर्मा के पिता की मृत्यु के बाद जब फर्जी एफिडेविट के आधार पर स्वास्थ्य विभाग में नौकरी की बात सामने आई तो सीएमएचओ द्वारा लिखकर दिया गया कि अभी कोई पद ही खाली नहीं है। इसके बाद नरोत्तम मिश्रा के द्वारा अनुशंसा का पत्र परिवहन विभाग को भेजा गया था। बाद में सौरभ शर्मा की नियुक्ति की गई। नरोत्तम मिश्रा उस समय शिवराज सिंह चौहान की सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे।

**सामने आया था नियुक्ति पत्र**

इससे पहले गुरुवार को सौरभ शर्मा का नियुक्ति पत्र सामने आया था। सौरभ शर्मा का नियुक्ति पत्र परिवहन आयुक्त शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने जारी किए थे। यह लेटर 29 अक्टूबर, 2016 को जारी किया था। लेटर में लिखा था कि दो वर्ष की अवधि के लिए अस्थाई तौर पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाती है।

# महिला को बेहोश छोड़कर डॉक्टर फरार

**जहानाबाद ( जनमार्ग न्यूज )।** जहानाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों की लापरवाही करने का मामला सामने आया है। डॉक्टर ने ऑपरेशन थिएटर में महिला को बेहोश करने के बाद ऑपरेशन करने से मना कर दिया और मरीज को बेहोशी की हालत में ही छोड़कर भाग गए। महिला नालंदा जिला के तेलहाड़ा थाना क्षेत्र के गंगा बिगहा की रहने वाली है। वहीं मायका पाली थाना क्षेत्र के नगवां गांव में है। महिला के पति मनीष कुमार ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रशासन की ओर से आपरेशन नहीं करने को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई थी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन से पहले सभी काम किया गया। ऑपरेशन थिएटर में ले जाकर बेहोशी का इंजेक्शन भी लगाया गया। इसके बाद बेहोशी की हालत में छोड़कर डॉक्टर निकल गए। मामले को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुभाष प्रसाद ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में एक भी सर्जन उपलब्ध नहीं है। सिविल सर्जन डॉक्टर राजेश कुमार को लिख कर भेजा गया था।

# भारत पहुंचा यूरोप का सबसे शक्तिशाली परमाणु युद्धपोत

जनमार्ग न्यूज

**पेरिस/पणजी।** यूरोप का सबसे शक्तिशाली युद्धपोत चार्ल्स डी गाले भारत पहुंचा है। परमाणु एयरक्राफ्ट कैरियर चार्ल्स डी गाले फ्रांसीसी नौसेना के कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के साथ हिंद महासागर पहुंचा है। बताया जा रहा है कि करीब 40 साल बाद फ्रांस ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में अपना कैरियर स्ट्राइक ग्रुप भेजा है। यह फ्रांसीसी बेड़ा गोवा तट के पास भारतीय नौसेना के साथ वरुणा नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा लेगा। इस नौसैनिक अभ्यास का मकसद इलाके में समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना है। चार्ल्स डी गाले पर राफेल फाइटर जेट हमेशा तैनात रहते हैं और ये परमाणु हमला करने की ताकत रखते हैं। माना जा रहा है कि फ्रांस ने चीन को कड़ा संदेश देने के लिए अपने कैरियर स्ट्राइक ग्रुप को इस इलाके में भेजा है। चीन लगातार हिंद प्रशांत क्षेत्र में दादागिरी दिखा रहा है।



फ्रांसीसी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप फ्रांस की नौसेना के मिशन कलेमंनूसू 25 के तहत आया है ताकि हिंद प्रशांत क्षेत्र में देश के हितों की रक्षा की जा सके। साथ ही इस इलाके में यूरोपीय अभियानों में योगदान दिया जा सके। फ्रांसीसी नौसेना ने कहा कि कैरियर स्ट्राइक ग्रुप क्षेत्रीय भागीदारों और सहयोगियों खासकर भारत के साथ संयुक्त ट्रेनिंग को अंजाम दे रहे हैं। इस अभ्यास के दौरान दोनों देशों के युद्धपोतों पर एक-दूसरे के सैनिकों के काम करने का अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान हवा, सतह और सबमरीन से होने वाले खतरे को निपटने का भी अभ्यास किया जाएगा।

**फ्रांसीसी युद्धपोत कितना शक्तिशाली**

भारत के बाद फ्रांसीसी युद्धपोतों का दल इंडोनेशिया के लिए निकल जाएगा। फिर से वहां से यह दक्षिण चीन सागर होते हुए जापान भी जाएगा। इस पूरे इलाके में चीनी नौसेना दादागिरी दिखा रही है और पड़ोसी देशों को डरा रही है। फ्रांस ने कहा कि हिंद प्रशांत क्षेत्र में 15 लाख फ्रांसीसी नागरिक रहते हैं। फ्रांस ने अपने बयान में भारत को साल 1998 से ही सबसे करीबी रणनीतिक भागीदार करार दिया। भारत ने उस समय परमाणु परीक्षण किया था। भारत में अक्सर फ्रांसीसी युद्धपोत आते रहते हैं। दोनों देश हिंद महासागर में अवैध तस्करी, अवैध रूप से मछली पकड़ने के खिलाफ ऐक्शन और राहत तथा बचाव को अंजाम देते हैं।

चांस डी गाले एयरक्राफ्ट कैरियर 42,500 टन का है और परमाणु ऊर्जा से चलता है। अमेरिका के बाद फ्रांस ही है जिसका परमाणु एयरक्राफ्ट कैरियर भारत पहुंचा है। चार्ल्स डी गाले राफेल फाइटर जेट से लैस है जिसे भारत भी अपनी नेवी के लिए खरीद रहा है। भारतीय वायुसेना के पास पहले से ही राफेल मौजूद है। भारतीय नौसेना ने फ्रांस से ही स्कॉर्पिन पनडुब्बी भी खरीदा है। इस शक्ति प्रदर्शन के जरिए फ्रांस ने रूस को भी संदेश देने की कोशिश की है जो यूरोप पर हमले का मंसूबा रखता है। फ्रांस ने यह दिखाया है कि वह बिना रूसी हमले के डर के कहीं भी अपने एयरक्राफ्ट कैरियर को भेज सकता है।

# विद्यार्थियों का भ्रमण दल साइंस सिटी कपूरथला के लिये रवाना

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** टाउन की टीटीसी संस्था द्वारा आयोजित दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत लगभग 50 विद्यार्थियों का दल गुरुवार कॉलेज फाटक के पास से साइंस सिटी के नाम से मशहूर कपूरथला शहर के लिए रवाना हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, राजस्थान शिक्षा परिषद के प्रदेश महामंत्री हरलाल ढाका, चंदर प्रकाश ने छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए हरी झंडी दिखाई। संस्था के प्रतिनिधि आकाश मंगवाना ने बताया कि यह शैक्षिक टूर श्री अमृतसर साहिब और कपूरथला की यात्रा करेगा, जहाँ विद्यार्थी धार्मिक और शैक्षिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। यह दौरा विद्यार्थियों के व्यावहारिक एवं प्रयोगिक ज्ञान और अनुभव को समृद्ध करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। भ्रमण दल के पहले दिन, छात्र अमृतसर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) का दर्शन करेंगे। इसके अलावा, जलियांवाला बाग और वाघा बॉर्डर का दौरा भी यात्रा का हिस्सा होगा, जहाँ विद्यार्थियों को देश के स्वतंत्रता संग्राम और सीमा पर आयोजित परेड से संबंधित जानकारियाँ दी जाएँगी। कपूरथला के शैक्षिक स्थल भ्रमण में साइंस सिटी (यंग साइंटिस्ट ट्रेनिंग सेंटर) का दौरा मुख्य आकर्षण रहेगा। यहाँ छात्र विज्ञान गैलरी, मैथ गैलरी, वर्चुअल गैलरी, रियलिटी शो और डिजिटल थिएटर जैसे मॉडर्न शैक्षिक उपकरणों और प्रदर्शनों का अनुभव करेंगे। ये सभी गतिविधियाँ विद्यार्थियों की वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई हैं। टीटीसी संस्था के विपुल दाधीच ने बताया कि यह शैक्षिक टूर विद्यार्थियों के ज्ञान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण छात्रों को पाठ्यपुस्तकों के बाहर की दुनिया को समझने और नई चीजों को सीखने का मौका प्रदान करते हैं। भ्रमण दल रवाना होने के दौरान विद्यार्थियों के परिजन भी उपस्थित रहे। उन्होंने संस्था की इस पहल की सराहना करते हुए इसे छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए एक बेहतरीन प्रयास बताया। परिजनों ने आशा व्यक्त की कि इस भ्रमण से छात्र न केवल शिक्षित होंगे, बल्कि आत्मविश्वास और टीम भावना में भी सुधार लाएँगे। आकाश मंगवाना ने आगे बताया कि टीटीसी संस्था का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान देना है। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षिक भ्रमण छात्रों के लिए न केवल मनोरंजन का साधन होते हैं, बल्कि यह उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण छात्रों को इतिहास, संस्कृति और विज्ञान के प्रति जागरूक बनाते हैं।



# चंदन गुप्ता हत्याकांड में 28 दोषियों को उम्रकैद

### यूपी के कासगंज दंगे में जान गई थी; लखनऊ एनआईए कोर्ट ने 6 साल बाद सुनाई सजा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कासगंज में 2018 में हुए दंगे में जान गंवाने वाले एबीवीपी कार्यकर्ता चंदन गुप्ता की मौत के मामले में 28 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। लखनऊ एनआईए कोर्ट के जस्टिस विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया।

कोर्ट ने गुरुवार को 28 आरोपियों को दोषी करार दिया था। इस फैसले के खिलाफ दोषियों की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। गुरुवार को मामले में दोषी सलीम कोर्ट में पेश नहीं हुआ था। उसने शुक्रवार को कोर्ट पहुंचकर सरेंडर किया। कासगंज में 26 जनवरी 2018 को चंदन गुप्ता की हत्या कर दी गई थी। उसकी मौत के बाद कासगंज में हालात इतने खराब हो गए थे कि प्रशासन को इंटरनेट बंद करना प?ा था। करीब एक हफ्ते तक दंगा हुआ था।

सुबह 9 बजे कासगंज में विश्व हिंदू परिषद, क्क्क्क और हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता करीब 100 बाइक पर तिरंगा और भगवा झंडा लेकर निकले। चंदन गुप्ता भी इसी भी? में शामिल था।

प्रशासन ने यात्रा निकालने की इजाजत नहीं दी थी, लेकिन ये लोग नहीं माने। छोटी-छोटी गलियों वाले कासगंज कोतवाली इलाके में घुस गए। ये लोग मुस्लिम आबादी वाले बड्?डू नगर की एक गली से गुजरने की जिद करने लगे।

वहां स्थानीय लोग पहले से गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम कर रहे थे। तभी नारेबाजी शुरू हो गई। माहौल बिग?ा और दोनों तरफ से पथराव शुरू हो गया। एक गोली चली, जो सीधे चंदन को लगी। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वो बच नहीं पाया। मौत की खबर फैलते ही कासगंज शहर में दंगा शुरू हो गया।

